आचरण संबंधी, मानसिक तथा शरीरिक त्रुटियां नजर आती हैं उन्हें हमें मिलकर निस्वार्थ भाव से दूर करना है और यह तभी हो सकता है जब कि हम अपने पयाम तालीम को कलम के जोर से अच्छा बनायें और तब फिर उसे हमारे देश के कोने-कोने में, घर-घर में और हर बालक के हाथों तक पहुँचायें।

क्या पयाम तालीम का सम्पादक मंडल अपने समस्त बाल साहित्य के आदरणीय लेखकों से कुछ आशा करे !

रचनायें हर महीने की १५ तारीख तक हमारे पास अवश्य पहुँच जाना चाहिये।

एक मुस्कान

ओखला से दिल्ली स्टेशन आती हुई एक बस (मोटर) में—रास्ते में एक नया यात्री चढ़ता है—

कन्डक्टर—कहाँ जाइयेगा आप ?


यात्री—पहाड़गंज।

कन्डक्टर—यह बस पहाड़गंज नहीं जाती, दिल्ली स्टेशन जायेगी।


यात्री—दिल्ली स्टेशन जायगी तो मैं क्या करूँ मुझे तो पहाड़गंज जाना है।

कन्डक्टर—साहब ! यहां से पहाड़गंज के लिये कोई बस नहीं जाती।

यात्री—तो मैं क्या इस का जिमेदार हूँ ? मुझे तो पहाड़गंज ले चलिये गा।



बालक रेल की पटरी पर……इधर पुल, उधर रेल।



बच्चों से बातें

१—भारत की जन संख्या संसार कीजन संख्या का कोई पांचवा भाग है जिसमें बंगाल सब से ज़्यादा आबाद है।

२—अजमेर—मेवाड़ में भारत के अन्य राज्यों की अपेक्षा सब से ज़्यादा अंधे बसते हैं एक लाख पर कोई ३८३ का अनुपात हैं।

३—अहमदाबाद की म्युनिसिपल कमेटी सब से पुरानी है—१८३४ में स्थापित हुई थी।

४—एक हज़ार पर कुल १२० मनुष्य भारत में पत्र पढ़ सकते हैं।

५—भारत में हर वर्ष हजार पर ३५ जन्म होते हैं और $३३\frac{१}{३}$ मरते हैं। इसलिये भारत की जनसंख्या प्रति वर्ष बढ़ती जाती है।

भारत के पवित्र स्थान

हिन्दुओं के—(१) अमरनाथ (२) बद्रीनाथ (३) कैलाश (४) हरिद्वार (५) वृन्दावन (६) मथुरा (७) अयोध्या (८) अलहाबाद (९)-बनारस (१०) पुरी (११) मदुरा (१२) कालीघाट आदि।

सिक्खों के—अमृतसर और ननकाना साहिब

बुद्धमत के—बुद्ध गया (२) सरनाथ (३) कजरी।

जैनियों के—परेशनाथ

मुसल्मानों के—अजमेर

पिछले अंक के प्रश्न का उत्तर—

हर पक्षी के पर, पैर और सिर तीनों होते हैं

इस प्रश्न का ठीक उत्तर बताने वाले के नाम:

१—मज़हर सिद्दीकि

डाक के टिकटों का [illegible] !

[ले०—मोहसिन हामिद]

जिस प्रकार चित्र, पुस्तकें और फूल पत्ते जमा करने का भी हम में से कई लोगों को शौक (हॉबी) होता हैं ठीक उसी तरह संसार के भिन्न-भिन्न देशों के डाक के टिकट जमा करने का भी एक शौक है। किसी न किसी प्रकार की हॉबी हर मनुष्य में होती ही है। मुझे डाक के टिकट जमा करने की एक हॉबी है। मैंने अब तक संसार के कई देशों के डाक के टिकट जमा कर लिए हैं और जमा करता जा रहा हूँ।

इस हॉबी से मुझे बहुत फायदा पहुँचा है। संसार के कई एक देशों की डाक व्यवस्था के विषय में मुझे कई बातों का ज्ञान हो गया है। जैसे वहां कब-कब और किस प्रकार डाक के टिकट चले यह मुझे अच्छी तरह मालूम है।

पहले इंगलैण्ड (यूरोप) में १८४० के साल में डाक के टिकट छपे। यह एक पेनी (वहां का सिक्का होता है) वाले और दो पेनी वाले काले रंग और नीले रंग के टिकट थे। इस के पहले हरकारे पत्र भेजने वाले से अपने परिश्रम का एक निश्चित मूल्य ले लिया करते थे और लिफाफों पर (Paid) वाली 'प्राप्त' की मोहर लगादी जाती थी। उक्त टिकटों का आविष्कार सर रोलण्ड (Sir Rowland) ने महारानी विक्टोरिया के समय किया था और सारी डाक व्यवस्था को भी फिर से ठीक किया। तुमने देखा होगा कि आजकल के टिकटों के आस-पास छेद से बने रहते हैं जिससे हरेक टिकट एक दूसरे से बड़ी आसानी से अलग किया जा सकता है। लेकिन उस समय कैंची से टिकिट काट कर अलग-अलग किए जाते थे क्यों कि आज की तरह परफोरेटिंग मशीन (Perforating Machine) का आविष्कार तब तक हुआ था।

इंगलैण्ड के बाद ब्रेजील (Brazil) में टिकिट व्यवस्था क़ायम हुई। यह कोई स० १८४६ की बात है। इसके बाद तो संसार के समस्त देशों में धीरे धीरे टिकिट व्यवस्था इस प्रकार क़ायम होती गई—

स्विटज़रलैण्ड (Switzerland)— १८४३
अमरीका (America) — १८४७
फ्रांस (France) — १८४६
स्पेन (Spain) — १८५०
इण्डिया (India) — १८५२
इटली (Italy) — १८६२
आस्ट्रेलिया (Australia) — १६१३

इससे पहले न्यू साउथ वेल्स (New South wales) की कुछेक रियासतों में भिन्न-भिन्न टिकिट चलते थे।

हुई है, मेरी धर्म पत्नी की इच्छा है कि "आप मेरी लड़की लेलें और अपना बेटा मुझे देदें ।" यह बात सुनते ही राजा चिन्ता में डूब गये एक ओर तो प्रणथा और दूसरी ओर बेटे का मोह। सारी जनता ने बहुत दुःख मनाया और उस बूढ़े सिपाही को बुरा भला कहने लगे, परन्तु थोड़ी देर में ही महाराजा साव-धान हो गये और बोले कि "हमने तुम्हें अपना बेटा दिया आर तुम अपनी लड़की महलों में पहुँचादो ।" बड़ी धूम धाम से वह लड़की महलों में पहूँचाई गई। राजा और रानी का प्यार एक समान उसे मिलता गया, और वह दूज के चाँद की तरह प्रति दिन बढ़ने लगी। उधर उस सिपाही ने उस बालक को पाल पोष कर बड़ा किया और उसका मुँह बोला नाम अशोक रक्खा गया। उस सिपाही ने उसे सारी शस्त्र और अस्त्र विद्या सिखलाई घोड़े की सवारी करने और शिकार खेलने में उसे बहुत निपुण बना दिया। एक दिन वह जंगल में शिकार खेल रहा था कि उस की नज़र पहाड़ के एक हरे भरे स्थान पर जा लगी, वह वहाँ आकर विश्राम करने लगा। थोड़ी देर में उसे वहीं पर नींद आगई। नींद खुली तो देखा रात्रि हो गई है आकाश पर तारे जगमगा रहे हैं चारों ओर अंधेरा छाया हुआ है, जिधर भी सुनो सांय सांय की आवाज सुनाई देती है। वह बहुत चिन्तित हुआ देखा तो पास से घोड़ा भी नहीं है। उसने समझ लिया कि कोई जंगली जानवर मार कर खा गया होगा। वह उठा और एक पेड़ पर जा चढ़ा। आधी रात आ चुकी थी, अकस्मात् चारों ओर से घोड़ों की टाप सुनाई पड़ने लगी। बहुत से मनुष्यों की आवाजों पर आवाज आने लगी। देखते ही देखते एक बड़ी भारी सेना वहाँ से हो कर निकलने लगी। अशोक हैरान हो गया सोचने लगा कि न जाने क्या बात है ? उनकी बुद्धि डाँवां डोल हो उठी। उसकी समझ में कुछ भी न आता था। रह रह कर उसको यह विचार परेशान कर रहा था कि हमारे महाराज के राज्य ने इतनी बड़ी सेना किसकी किस लिये और क्यों जा रही हैं ?

(शेष अगले अंक में पढ़िये—सम्पादक)

कहानी

बालक की वीरता

लेखक—बी० एस० प्रेमी

हजारों वर्ष पहले की बात है भारत में उन दिनों मगध देश का वैभव बढ़ा चढ़ा हुआ था। वहां के राजा प्रतापसेन सब तरह से सुखी थे। परन्तु उन्हें एक दुःख था तो यही कि उनकी कोई सन्तान न थी। एक दिन महाराज प्रताप सेन ने अपने भरे दरबार में मन्त्रियों और सामन्तों से अपने दुःख की कहानी सुनाई। राजा के पुराने मन्त्री ने महाराजा को कहा कि हमारे राज्य में एक बहुत बड़े विद्वान रहते हैं, वे बहुत बड़े तपस्वी भी हैं, उनका नाम वररुचि है, आजकल उनका बड़ा चमत्कार फैला हुआ है। महाराज ? आप भी उनकी शरण में चलें और उनसे कोई उपाय पूछें। वृद्ध मंत्री की बातें सुन कर महाराजा को कुछ उत्साह आया और वे एक दिन दल बल सहित दर्शन करने के लिये गये। राजा का सेवा भाव देख कर महा मुनि वररुचि ने कहा कि हे राजन ! तुम्हारे भाग्य में सन्तान तो है परन्तु तुम्हें तप करना पड़ेगा। राजा सहर्ष तप करने के लिये तैयार हो गये। छः महीने की कठिन तपस्या के बाद मुनि ने राजा को घर लौटने की आज्ञा दी और साथ ही एक फल दिया और कहा कि पूर्णिमा की रात्रि को इसे अपनी रानी को खिला देना। कुछ समय बीतने के बाद राजा के यहां एक पुत्र उत्पन्न हुआ। बहुत धूम धाम से खुशियाँ मनाई गई। दीन अनाथों को सहायता दी गई। जेलखानों से कैदियों को रिहा कर दिया गया। प्रजा के लिये अच्छे २ कार्य किये। ब्राह्मणों को भर पेट भोजन वस्त्र आदि दिये गये। भाटों और बन्दियों ने गीत गाये। राज के महल में आनन्द का कोई ठिकाना न रहा। महाराजा ने दरबार बुलाया और उसमें उन्होंने घोषणा की कि यदि किसी को कोई दुःख हो तो वह हमें सुनाये। हम उसके दुःख को दूर करेंगे। यह बात सुन कर एक बूढ़ा सिपाही हाथ जोड़ कर बोला कि महाराज ? यदि आप प्रण करें तो मैं अपना दुःख सुनाऊं। राजा ने कहा कि हम सारी जनता के सामने प्रण करते हैं कि तुम्हारा दुःख अवश्य दूर करेंगे। इस पर उस बूढ़े ने कहा कि महाराज ? जिस दिन आपके घर पुत्र हुआ, उसी दिन मेरे घर सातवीं लड़की उत्पन्न

मच्छर

मच्छर आया, मच्छर आया।
भन भन गाता, मच्छर आया॥

हमें काट मच्छर भग जाता।
भन भन गाकर हमें चिढ़ाता॥

जाड़े वाली जूड़ी आती।
'किट किट' कर वह हमें कँपाती॥

मच्छर की हम दवा मंगावें।
घर बार हम साफ बनावें॥

सारे मच्छर मर जायेंगे।
करनी पर वे पछतायेंगे॥

छोटी एक मसहरी लायें।
बांस बांध कर उसे लगायें॥

अन्दर हंस हंस हम सोयेंगे।
बाहर मच्छर जी रोयेंगे॥

—'दद्दा'

अब तुम बताओ भैया, अब तो बड़े विद्वान बन रहे थे।

सुज्ञान—(कुछ सकुचाता-सा), मैं बताऊं बाबू जी!

सुशीलचन्द्र—हां, हां, कहो—

सुज्ञान—तीसरे, हम रास्ते में, हाटबाट में और मेले ठेले में भेंट करते हैं।

सुशीलचन्द्र—शाबाश सुज्ञान! देखो सरला कितना सुन्दर उत्तर दिया है। बड़ा चतुर है सुज्ञान बेटा।

सरला—(कुछ चिढ़कर) आप तो बाबू जी, भैया की ही तारीफ करते रहते हैं। एक बात बता दी तो बड़े चतुर हो गये भैया!

सुशीलचन्द्र—नहीं बेटी, तुम सुज्ञान से भी चतुर हो।

सरला—(कुछ प्रसन्न होकर) हां, तो बाबू जी, तीन तरह से हमारी एक दूसरे से भेंट हो सकती है! फिर......

सुशीलचन्द्र—इन तीनों प्रकार की भेंट के समय जो बातें बरतनी चाहिए या जो नियम हमें काम में लाने चाहिए वे ही उस समय के शिष्टाचार के नाम से प्रसिद्ध हैं। उनके विपरीत आचरण करने पर हम अशिष्ट और असभ्य कहलाते हैं। इसलिए बहुत कुछ शिष्टाचार तो हम ऐसे अवसरों पर सीख सकते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरे स्थान और अवसर भी हैं जब हम विशेष रूप से विशेष नियमों का व्यवहार करते हैं। अपने से बड़े, बुद्धिमान और विद्वान जैसा बर्तें वैसा ही आचरण हमें भी करना चाहिए। यही शिष्टाचार का सबसे अच्छा ढंग है। बड़ों और विद्वानों का सत्संग ही वह स्थान है जहां हम शिष्टाचार पूरी तरह से सीख सकते हैं।

सरला—बाबू जी आप बड़े अच्छे हैं, आज तो आपने बड़ी अच्छी अच्छी बात बताईं। अच्छा अब हम पाठशाला जाते हैं। चलो, भाई साहिब।

सुशीलचन्द्र—अच्छा मुझे कचहरी जाना है।

तीनों उठ कर अपने-अपने कामों में लग जाते हैं।



देखो यह बालक सोकर अब उठ रहा है! क्या तुम भी इतनी देर तक सोये रहते हो?

सुज्ञान—हां बाबू जी, मैं भी आज इसी लिए सरला को आपके पास लेकर आया हूं !

सरला—तुम क्या लाते, मैं आना नहीं जानती थी क्या ?

सुशीलचन्द्र—अच्छा सरला लड़ो मत, सुनो, तुन्हें बतलाता हूँ कि शिष्टाचार क्या है ?

सरला, सुज्ञान—ठीक, बतलाइए।

सुशीलचन्द्र—शिष्टाचार दो शब्दों से मिल कर बना है। शिष्ट का अर्थ है-अच्छा, सभ्य, भला और सुन्दर आदि और आचार का अर्थ है-व्यवहार, आचरण, बर्ताव और रहन सहन। इस प्रकार शिष्टाचार का अर्थ हुआ—भले लोगों का आचरण, सभ्यपुरुषों का व्यवहार, उनका रहन सहन और वर्ताव। उनके दैनिक रीति रिवाज।

सरला—ऐसा करने से लाभ ?

सुशीलचन्द्र—हां, सरला यह तुम्हारा बड़ा अच्छा प्रश्न है ? लाभ भी सुनो—

शिष्टाचार के अनुसार काम करने से एक प्रकार का आनन्द और प्रेम उत्पन्न होता है। व्यवहार करने में सुविधा उत्पन्न होती है और सारे काम एक नियम से होते हैं। बड़ों का आदर होता है, बराबर वालों में भाईचारा बढ़ता है और छोटे के प्रेम उत्पन्न होता है। लोगों में सुरुचि बढ़ती है। शरीर, मन और आत्मा स्वस्थ रहते हैं। चारों ओर शांति और अच्छे भले विचारों का प्रचार होता है।

सरला—अच्छा बाबू जी, तब तो शिष्टाचार हर बालक को सीखना चाहिए।

सुशीलचन्द्र—यह तो है ही, जो बालक शिष्टाचार नहीं जानता उसे लोग अशिष्ट, असभ्य, गंवार और लंठ कह कर पुकारते हैं। सब उसको गिरी दृष्टि से देखते हैं, सरला !

सुज्ञान—तो शिष्टाचार कहाँ और कैसे वरतना चाहिए ? पिता जी

सरला—हां मैं भी यही बात पूछना चाहती थी।

सुशीलचन्द्र—देखो सुज्ञान, यह बहुत बड़ा विषय है, आज तो मैं तुम्हें इस बारे में कुछ आधी बातें ही बताऊंगा और धीरे धीरे सब बातें समय आने पर समझा दूंगा।

सरला—सुज्ञान—अच्छा बाबू जी।

सुशीलचन्द्र—सरला, तुम बता सकती हो, हमारी भेंट किसी आदमी से कितनी तरह से हो सकती है ?

सरला—(कुछ सोच कर) एक तो, हमारे घर पर कोई आए।

सुशीलचन्द्र—ठीक सरला बड़ी चतुर बेटी है। और,

सरला—दूसरे, हम किसी के घर पर जायें।

सुशीलचन्द्र—बिल्कुल ठीक। और,

सरला—(सुज्ञान की ओर संकेत करके)

शिष्टाचार

[ले०—सुधीर त्यागी एम० ए०]

(पात्र सरला, सुज्ञान और बाबू सुशीलचन्द्र)

सरला—सुज्ञान भैया, मुझे तुम्हारी यह बात ठीक नहीं लगती।

सुज्ञान—क्यों सरला, मैंने तुम्हें क्या कह दिया?

सरला—और क्या कहते? बात बात पर टोकना और वह भी दूसरों के सामने, यह कोई अच्छी बात है क्या? मैं लड़की हूं तो, इस का अर्थ यह है कि तुम नित मेरा अपमान करते रहो।

सुज्ञान—सरला तुम बुरा मान गईं, मैंने तो एक सीधी सी बात कही थी। देखो यदि तुम शिष्टाचार न सीखोगी तो लोग तुम्हें ही नहीं तुम्हारे घर और वंश को भी यह कह कर याद करेंगे कि यह लड़की कैसे घर या वंश की है जो इसे बोलना भी नहीं आता। इसमें कितनी हेटी हमारी!

सरला—तो फिर यह बात तो धीरे से अलग एकान्त में भी समझाई जा सकती थी।

सुज्ञान—बहन, तुम्हें समझाना कोई हंसी खेल नहीं है, फिर शिष्टाचार जैसा विषय!

सरला—फिर?

सुज्ञान—चलो पिता जी के पास चलें। उनसे मुझे भी इस सम्बन्ध में कुछ पूछना है।

सरला—यह बात ठीक है

(दोनों जाते हैं)

बाबू सुशीलचन्द्र कुर्सी पर बैठे एक पुस्तक पढ़ रहे हैं। सरला आकर उनके कंधे पर जोर देकर खड़ी हो जाती है और सुज्ञान एक ओर सीधा हाथ बांधे खड़ा रहता है।

सुशीलचन्द्र—देखो सरला, शिष्टाचार सीखो। बड़ों के सामने ऐसे कभी नहीं खड़े होते। वह देखो सुज्ञान भैया भी तो खड़ा है।

सरला—(कुछ खिन्न सी होकर) पिता जी! सब मुझ से यही कहते हैं शिष्टाचार सीखो! सिखाता कोई भी नहीं। आज मैं आपके पास से तभी जाऊंगी जब आप पूरी तरह समझा देंगे कि शिष्टाचार का क्या अर्थ है, और उसका जानना हमें क्यों आवश्यक है?

मेरा सन्दूक

मेरा छोटा-सा सन्दूक।
पहरा देता ले बन्दूक॥
कोई रखता कपड़े इसमें, कोई पुस्तक चार।
मैं रखता हूँ खेल-खिलौने, बिल्ली दो दुमदार॥
इसमें रखी हुई कन्दूक*।
मेरा छोटा-सा सन्दूक॥१॥

कोई कहता पेटी इसको, कोई कहे पिटारा।
कोई कहता डिब्बा इसको, सुनते-सुनते हारा॥
कुछ हैं कह देते हन्दूक।
मेरा छोटा-सा सन्दूक॥२॥

शाम सवेरे साफ़ करूँ मैं, झटकारूँ दो बार।
हाथ लगावे बिन पूछे तो, हो जावे फिर रार॥
इसमें होती कभी न चूक।
मेरा छोटा-सा सन्दूक॥३॥

खाना खाऊं तो भी रक्खूं, पास सदा मैं अपने।
रखकर पास रात को देखूँ, मीठे-मीठे सपने॥
रक्खूं जैसे दिल का टूक।
मेरा छोटा-सा सन्दूक॥४॥

भैया! मोल मांगता इसको, दे रुपये हज्जार।
मैं कहता धन मिल जावेगा, भैया! छप्पर फार॥
मैं क्यों मारूँ इसको फूँक।
मेरा छोटा-सा सन्दूक॥५॥

—नेमीचन्द जैन 'नियमी'

---

* गेंद।

और ५०० से अधिक नहीं होंगे।

विधान सभा में जिस व्यक्ति के पीछे सबसे अधिक सदस्य होते हैं, राज्यपाल या राजप्रमुख उसे मुख्य मन्त्री बना देता है। वहीं अपनी मन्त्रि परिषद् बनाता है जिसे राज्य का मन्त्रि मण्डल या राज्य सरकार भी कहते हैं। राज्य में मुख्य मन्त्री की वही स्थिति होती है जो संघ सरकार में प्रधान मन्त्री की होती है। वह विधान सभा के प्रति उत्तरदायी होता है। विधान सभा मन्त्रियों को बदल सकती है। राज्यपाल या राजप्रमुख राज्य सरकार और भारत सरकार के बीच कड़ी के समान होता है। राज्य सरकार का सब राज काज उसी के नाम से चलता है।

(इस लेखका शेष अगले अंक में दिया जायगा।)

—सम्पादक



जैसे इन तीसरे प्रकार के राज्यों का शासन भारत सरकार के आदेश से चलता है, वैसे ही बड़े राज्यों में राज्यपाल या राज प्रमुख तो अवश्य होता है, पर वहां का सारा शासन भारत सरकार अर्थात् संघ सरकार के आदेश से नहीं चलता। वहां प्रत्येक राज्य में एक राज्य सरकार भी होती है।

२—राज्य-सरकारों के काम

अब तुम पूछोगे कि सारे भारत की एक भारत सरकार होते हुये सब राज्यों में अलग-अलग राज्य सरकार की क्या आवश्यकता है और उनके कामों में क्या अंतर है। असल में भारत सरकार और राज्यों की करकार के काम अलग अलग हैं। भारत सरकार समस्त भारत में रेलों, डाक, तार, टेलीफून आदि बहुत सी चीजों का प्रबन्ध करती है और भारत की रक्षा के लिये सेना का प्रबन्ध करती है, और दूसरे देशों के साथ सम्बन्ध रखती है। उन कामों को संघीय विषय कहते हैं। संविधान में इन विषयों में राज्यों की सरकारें कुछ नहीं कर सकतीं।

पर कई और काम हैं जो बड़े २ राज्यों की सरकारें अपने राज्य में आप चला लेती हैं उनमें से मुख्य काम राज्य में शान्ति रखने का है, जिसके लिये राज्य की सरकार पुलिस का प्रबन्ध करती है। इसी प्रकार राज्य सरकार शिक्षा का प्रबन्ध, स्वास्थ्य का प्रबन्ध और जमीनों का प्रबन्ध भी करती हैं। वे इन कामों को राज्यों के विषय कहते हैं जो संविधान में राज्य सूची में दिये गये हैं।

३—विधान सभायें

अब तुम पूछोगे कि भारत सरकार के लिये तो एक चुनी हुई लोक सभा होती है और एक राज्य परिषद होती है और मन्त्रि मण्डल होता है। क्या राज्यों में भी ऐसी चुनी हुई सभा होती है और मन्त्रि मण्डल होता है? हां! वहां भी जनता का ही राज्य होता है। लोक सभा के समान प्रत्येक राज्य में एक विधान सभा होती है, जो लोक सभा के समान चुनी जाती है। २१ वर्ष का प्रत्येक नागरिक विधान सभा के चुनाव में मत दे सकता है। वह विधान सभा पांच वर्ष के लिये चुनी जाती है, और अपने राज्य भर के लिये कानून बनाती है। पर वह कानून उन्हीं कामों के लिये होता है, जो राज्य सूची के विषय हैं। विधान सभाओं में कितने सदस्य होते हैं? तुम जानते हो कि सब राज्य बराबर नहीं हैं, इसलिए सब की विधान सभा भी बराबर नहीं होती। उत्तर प्रदेश की आबादी ६ करोड़ से भी अधिक है। इसलिये वहा की विधान सभा में ४३० सदस्य होते हैं। पर बम्बई राज्य की जन संख्या सवा तीन करोड़ है अतएव वहां की विधान सभा में ३१५ सदस्य होते हैं। सौराष्ट्र छोटा राज्य है, वहांकी विधान सभा में केवल साठ सदस्य होते हैं। संविधान में लिखा है कि किसी विधान सभा में साठ से कम सदस्य नहीं होंगे

संविधान सिरीज का तीसरा लेख

राज्यों की सरकारें

[ले०—मदनमोहन 'गुप्त']

१—भारत के भाग

भारत के कई भाग हैं। उन्हें राज्य कहते हैं। भारत इन राज्यों का संघ है। राज्य तीन प्रकार के हैं।

कुछ तो वे राज्य हैं जो पहले प्रान्त कहलाते थे। उनके नाम ये हैं।

१. उत्तर प्रदेश (यू० पी०) २. मद्रास ३. बम्बई ४. बिहार ५. पश्चिमी बंगाल ६. मध्य प्रदेश ७. उड़ीसा ८ पंजाब ९. आसाम।

इसमें से प्रत्येक राज्य में एक राज्यपाल होता है जिसे राष्ट्रपति नियुक्त करता है। वह पांच वर्ष तक अपने पद पर रहता है।

दूसरे प्रकार के राज्य संख्या में आठ हैं। इनके नाम ये हैं :

१. हैदराबाद, २. राजस्थान, ३. ट्रावनकोर कोचीन, ४. मैसूर, ५. मध्य भारत, ६. सौराष्ट्र ७. पटियाला और पूर्वी पंजाब राज्य संघ।


इनमें कई नाम तुम्हें नये से मालूम होंगे। कारण यह है कि कुछ वर्ष पहले भारत में बहुत छोटे छोटे राज्य थे जो संख्या में साढ़े पांच सौ थे उनमें छोटे छोटे राजा, महाराजा या नवाब राज्य करते थे। अब उनमें से कई राज्यों को मिलाकर बड़े बड़े राज्य बना दिये गये हैं और वहां के एक एक राजा को प्रत्येक राज्य का राजप्रमुख बना दिया गया है। राजप्रमुख का वही काम होता है जो राज्यपाल का होता है। पर राज प्रमुख को राज्यपाल के समान बदला नहीं जाता।


तीसरे प्रकार के राज्य संख्या में दस हैं।

१. विन्ध्य प्रदेश २. दिल्ली ३. हिमाचल प्रदेश ४. भोपाल ५. अजमेर ६. त्रिपुरा ७. कच्छ ८. मनीपुर ९. कुर्ग १०. बिलासपुर।

ये राज्य बहुत छोटे छोटे हैं यहां का राजकाज चलाने के लिए राष्ट्रपति प्रत्येक राज्य में एक मुख्य आयुक्त या उपराज्यपाल नियुक्त रहता है। वह अधिकारी भारत सरकार के आदेश के अनुसार उस छोटे राज्य का सारा शासन करता है।

खेत हमारे





कृषकों की आँखों के तारे,
तारे ! तारे ! तारे ! तारे !
हरे भरे हैं खेत हमारे ।

गेहूँ, चना, बाजरा ज्वार,
यह सब हैं इनके उपहार,
यही हमारे जीवन सार,

इसीलिये यह हमको प्यारे,
प्यारे ! प्यारे ! प्यारे ! प्यारे !
हरे भरे हैं खेत हमारे ।

सूरज किरणें इन्हें जगातीं,
गंगा, यमुना स्नान करातीं,
वर्षा है मोती बरसाती,

सब ही इन पर जाते वारे,
वारे ! वारे ! वारे ! वारे !
हरे भरे हैं खेत हमारे ।

इनसे ही हम भोजन पाते,
यह हमको कपड़े पहिनाते,
इसीलिये यह हमको भाते,

प्यारे प्यारे, जग से न्यारे,
न्यारे ! न्यारे ! न्यारे ! न्यारे !
हरे भरे हैं खेत हमारे ।

—नवीनचन्द्र 'नवीन'

प्याम तालीम

सचित्र मासिक [उर्दू-हिन्दी]

बाल पत्रिका

अगस्त १९५०, जामिया नगर, दिल्ली

सम्पादक की ओर से

पयाम तालीम के एक सदस्य भाई सईद-उद्दीन रामपुर से लिखते हैं :

"ईश्वर की कृपा से अब हमारे पयाम तालीम ने बड़ी तरक्की की है। ईश्वर से दुआ है कि यह और बढ़े। पयाम तालीम का हिन्दी विभाग बहुत अच्छा लगता है—और इस से हमारी काब्लीयत बढ़ती है। मगर इस में एक कमी है कि शब्द कुछ कठिन होते हैं जिससे कहानी का मज़ा कभी-कभी चला जाता है। शब्द कुछ आसान हों तो अच्छा है।"

मेरे प्यारे दोस्त—आप की इस हमदर्रदी के लिये शुक्रिया। आप जैसे साथी जब हमारे साथ हैं तो फिर पयाम तालीम क्यों न तरक्की करे। शब्दों के विषय में आप की शिकायत वाजिब है लेकिन फिर भी, अन्य इस तरह की बाल-पत्रिकाओं की अपेक्षा, पयाम तालीम की भाषा अत्यंत सरल है और सच्च पूछो तो बिलकुल हिन्दुस्तानी है। हाँ! अवश्य अब हमें कुछ कदम आगे बढ़ना होगा और तुम्हें हिन्दी सीखनी होगी—यह तो समय का तकाजा है भाई—हिन्दी का दौर और हिन्दी हमारी राष्ट्र भाषा!

एक बात तुम्हें और बताऊँ—हिन्दी भाषा अन्य भाषाओं की अपेक्षा अपूर्ण नहीं है, अत्यन्त सरल और जल्दी आजाने वाली भाषा है। तुम यदि कोशिश करो तो बहुत जल्दी ही अच्छी हिन्दी सीख सकते हो।


× × × ×

हमें यह देख कर अत्यन्त हर्ष हो रहा कि पयाम तालीम की उन्नति में हमारा बाल-समाज और हमारे अच्छे-अच्छे बाल-साहित्य लेखक विशेष रुचि ले रहे हैं। मैं उनका किन शब्दों में आभार प्रदर्शित करूँ यह तो मैं स्वयँ नहीं जानता। पर हाँ! इतना अवश्य जानता हूँ कि हमारे सदिओं से पिछड़े हुए बाल-समाज को संसार के दूसरे राष्ट्रों की भाँति हमें ऊँचा उठाना है। आज भारत के बाल समाज में जो

(शेष पृष्ठ १५ पर)



[illegible] के साथ मन्त्री श्री के० एम० मुन्शी 'वन महोत्सव' पर पेड़ लगा रहे हैं।



[illegible]

रजिस्टर्ड नं० डी० ४४१ अगस्त १९५०

आम तालीम





राष्ट्रपति डा० राजेन्द्र प्रसाद राजघाट पर 'वन-महोत्सव' (१ से ८ जौलाई तक) के अवसर पर पेड़ लगा रहे हैं।

मकतबा जामिआ लिमि[टेड]
डाकख़ाना जामिआनगर
देहली

एक प्रति

वार्षिक
चार आने




دیکھو ایسے تصویر کھنچواتے ہیں۔
پہچانو تو یہ کون ہے؟
ابھی تو لگتے پٹھان حضرت معلوم ہوتے ہیں۔
کون؟ پیارا جعفر


پیام تعلیم

جلد ۲۴ نمبر ۵

قیمت فی پرچہ ۶ر

" سالانہ للعمر

فہرست مضامین





بچوں سے باتیں

ایڈیٹر

بھئی ہمارے پیامیوں نے آزادی کا دن تو بڑے جوش و خروش سے منایا۔ ہمارے پاس بہت سے خط آئے ہیں بہت سی روداديں آئی ہیں۔

ان خطوں سے، روداوں سے بڑی امنگ بڑا حوصلہ اور ولولہ ٹپکتا ہے۔ ہم نے کہا تھا یہ دن یہ یادگار دن آزاد بچوں کے شایانِ شان منایا جائے۔ ہمیں بڑی خوشی ہے کہ ہماری یہ امید یہ توقع پوری ہوئی۔

اس مختصر گنجایش میں یہ سب خط اور روداديں بھلا کیسے چھپ سکتی ہیں۔ بعض روداديں بہت لمبی لمبی تھیں۔ بعض ایسی بدخط کہ ہمارے لئے ایک مغتاب بن گئی تھیں۔ اسی لئے ایک مختصر روداد شائع کی جاتی ہے۔ نمونے کے طور پر۔

ان بدخط روداوں کو دیکھ کر ہمیں خیال آیا کہ اچھا خط بھی کیسی نعمت ہے۔ ہمارے بزرگ اسی لئے خوش نویسی پر بہت زور دیا کرتے تھے۔

ہمارے پیامی بھی ذرا سی توجہ سے اپنا خط اچھا کر سکتے ہیں۔ کچھ دنوں ہاتھ روک کر لکھیں۔ اپنے یہاں کسی خوش نویس سے اصلاح لیں خوش نویسی کی کاپیوں پر مشق کریں۔ یہ عام طور پر بازار میں مل جاتی ہیں۔ ہمارے یہاں مکتبے میں بھی آسان خوش خطی کے نام سے ایک سلسلہ ہے۔ ہندوستان کے مشہور خوش نویس منشی علی محمد خاں مرحوم کی یادگار! اسے منگوا لیں۔

پچھلے پرچے کے مضمون پیامیوں کو بہت پسند آئے۔ لومڑی کی کہانی (اک ذرا سی عقل بھی) اور کوریا والا مضمون تو بچوں بڑوں سبھی نے پسند کیا۔
اس مرتبہ ہم دو کہانیاں چھاپ رہے ہیں۔ ایک تو "سردار صاحب" رام سنگھ صاحب کی بچی کہانی ایک محمود الحسن صاحب کا لکھا ہوا مزے دار قصہ۔ یہ ذرا بڑا ہے۔ اس کا باقی حصہ آیندہ پرچے میں چھپے گا جو پڑھیں وغیرہ۔ خدا کرے کہ یہ سب چیزیں تمہیں پسند آئیں۔



گنگا مہارانی

چمکتا جھلملاتا کیسا یہ چاندی سا پانی ہے
بڑی من موہنے والی یہ گنگا کی روانی ہے
سریلے گیت گاتی ہیں مچلتی، جھومتی موجیں
ذرا لے غور سے سننا بڑی میٹھی کہانی ہے
شفق کی پڑ رہی ہے اس میں سرخ پرچھائیں
دلہن پہنے ہوئے پوشاک جیسے کہ سہانی ہے
نرالی اور نئی معلوم ہوتی ہے یہ جب دیکھو
مگر صدیوں کی یہ تو جانی پہچانی پرانی ہے
نہ جانے یوں ہی بہتے بہتے اس کو کتنے جگ گزرے
یہ پردادی کی دادی اور پرنانی کی نانی ہے
مگن رہتی ہے اپنے کام میں آزاد رہتی ہے
کسی کا ڈر نہیں اس کو یہ اپنے من کی رانی ہے
یہ گر معلوم ہے اس کو کہ بس حرکت میں برکت ہے
حقیقت زندگی کی در حقیقت اس نے جانی ہے

سیدہ فرحت

[illegible] گنگا مہارانی کہتے ہیں۔

بادشاہی میں فقیری

سردار صاحب رام سنگھ
ہیڈ ماسٹر شاہ آباد

مدت ہوئی پنجاب میں کال پڑ گیا۔ اس وقت پنجاب دیس کا راجہ رنجیت سنگھ تھا۔ یہ ایک فقیر بادشاہ تھا اس کی نظر میں ہندو، مسلمان، سکھ سب ایک تھے۔

جب مہاراج نے سنا کہ کال کے کارن لوگ بھوکے مرنے لگے ہیں تو انھوں نے جگہ جگہ ڈپو کھول دئے۔ جہاں ہر روز ہزاروں من گیہوں لوگوں میں مفت تقسیم ہوتا رہا۔

لاہور کے پاس ہی ایک چھوٹا سا گاؤں تھا اسے اب مزنگ کہتے ہیں۔ آج کل مزنگ لاہور کا حصہ بن گیا ہے۔ مگر ان دنوں شاہی قلعے سے کوئی دو ڈھائی میل کے فاصلہ پر تھا وہاں ایک غریب بڈھا دھوبی رہتا تھا۔ گو دن بھر کام کرتا لیکن کال کے کارن گذر کٹھن ہو گیا تھا۔ کسی نے دھوبی سے کہا کہ سرکار کی طرف سے ڈپو میں ہر ایک کو مفت گیہوں مل رہا ہے۔ یہ سن کر دھوبی کی خوشی کا ٹھکانہ نہ رہا۔ شاہی قلعے کی طرف چل دیا۔

شام کا سماں تھا۔ کارندے سارے دن کے تھکے ڈپو بند کر رہے تھے کہ بڈھا دھوبی آ دھمکا۔ پہلے تو انھوں نے گیہوں دینے سے انکار کر دیا۔ مگر بڈھے کی منت سماجت پر وہ پسیج گئے۔ دھوبی تھا لالچی۔ اس نے اپنے بہت سے بچے بتلائے۔ اور اس حساب سے گیہوں لے لئے۔ کارندے چل دئے مگر بڈھا بیٹھا رہا۔ گیہوں کا بوجھ اتنا ہو گیا تھا کہ وہ اٹھا نہیں سکتا تھا۔

اتنے میں اندھیرا ہو گیا۔ مہاراج رعایا کی دیکھ بھال کے لئے بھیس بدل کر نکل پڑے ڈپو کے پاس پہنچے تو دیکھا کہ ایک بڈھا بیٹھا ہے اور سامنے گٹھری پڑی ہے۔ پوچھا "بابا کیا بات ہے۔ سڑک پر بیٹھے ہو؟"

بڈھا: سردار جی! یہ گیہوں سرکار نے تو دے دئے۔ مگر مجھے اسے اٹھا کر گھر لے جانے کی ہمت نہیں"

مہاراج: "کہاں جانا ہے؟"

دھوبی ...

مہاراج :- "امر! میں تمہارا گیہوں مرنگ پہنچا دوں گا۔"

یہ سن کر بڈھے کی خوشی سے باچھیں کھل گئیں۔ سمجھا خدا نے غیب سے کوئی فرشتہ بھیجا ہے۔

خدا کا شکر ادا کیا اور کہا "بہت اچھا"

مہاراج نے گیہوں کی گٹھری سر پر اٹھائی اور بڈھے کے ساتھ مرنگ کی طرف روانہ ہو گئے۔

گھر پہنچ کر دھوبی نے گیہوں بیوی کو دئیے بچے بھوک سے بلک رہے تھے بیوی نے کہا بھلا ہو مہاراج کا جنھوں نے ہم کو موت کے منہ سے نکال لیا ہے۔

یہ سن کر مہاراج کا دل خوش ہو گیا۔

اب تک نہ دھوبی کو اور نہ دھوبن کو معلوم تھا کہ ان کے گیہوں لانے والا کون ہے لیکن مزدور نے اجرت لینے سے انکار کر دیا۔

دھوبی نے پوچھا "کیوں؟"

مزدور بولا :- "مجھے اجرت مل گئی۔"

... گئی رہے"

مہاراج مسکرا دیئے اور چلنے کو تھے کہ ایک پولیس افسر گشت کرتا ہوا ادھر آنکلا اور دھوبن اور دھوبی کو ایک سکھ سے نکلا کرتے دیکھ کر ان کے سامنے آگیا۔ روشنی میں دیکھا تو خود "سرکار" موجود تھے

افسر نے جھٹ ہاتھ جوڑ دیئے۔

دھوبی ہکا بکا رہ گیا۔ دھوبن نے بھی ہاتھ جوڑ دئیے۔

افسر نے کہا "سرکار ہیں"

دھوبی "سرکار"!!!

ہاں آپ سرکار

دھوبی کی آنکھوں سے آنسو بہہ نکلے۔

دھوبن پاؤں پر گر پڑی۔ مہاراج نے کہا

مہاراج :- بابا میں تو آپ لوگوں کا بھوک ہوں سیوک۔

اتنے میں محلے کے لوگ اکٹھے ہو گئے اور نعرے لگانے لگے۔

"مہاراج زندہ باد"

"مہاراج زندہ باد"

پانی کا پھیرا

ماسٹر منیر الحسن جامعہ نگر دہلی

(جو پانی ہم ندی تالاب جھیل وغیرہ میں دیکھتے ہیں وہی بادل بن کر آسمان میں دکھائی دیتا ہے۔ اس کے علاوہ اور بھی کئی شکلیں اختیار کرلیتا ہے اور پھر گھوم پھر کر اپنی اصلی حالت پر آجاتا ہے۔ اس چھوٹے سے دل چسپ مضمون میں یہی بات بتلانے اور سمجھانے کی کوشش کی ہے۔ پیام)

پھیرا سب کے پیچھے لگا ہے۔ اپنے چھوٹے موٹے ننھے منے پیارے بہن بھائیوں کو دیکھئے کھیل کود کر گھوم پھر کر جہاں سے جاتے ہیں وہیں پہنچ جاتے ہیں۔ یہی نہیں، ہمارے جسم کا خون بھی پھیرے ہی لگایا کرتا ہے۔ ہماری یہ زمین چاروں طرف گھوما کرتی ہے اور کہاں تک کہا جائے یہ ساری دنیا برابر پھیرے لگا رہی ہے۔ آج میں آپ کو پانی کے پھیرے کا حال بتاتا ہوں۔

سمندر ہی پانی کا گھر مانا جاتا ہے۔ پانی سمندر سے باہر ادھر ادھر گھوم پھر کر اسی میں آجاتا ہے کیسے؟ سنو!

جب کوئی کپڑا دھوپ میں سکھایا جاتا ہے تو اس کا پانی دھیرے دھیرے اڑ جاتا ہے اور بالکل سوکھ جاتا ہے۔ یہ پانی کہاں چلا جاتا ہے؟ دوسری شکل میں بدل کر ہوا میں مل جاتا ہے۔ وہ بالکل ہوا کی طرح ہوتا ہے اس وقت ہم اسے "بھاپ" کہتے ہیں گرمی کے دنوں میں سمندر کا بہت سا پانی بھاپ بن جاتا ہے۔

بھاپ دھیرے دھیرے اتنی زیادہ بن جاتی ہے اور ہوا میں اتنی زیادہ بھر جاتی ہے کہ ہوا کی سب گرمی دھیرے دھیرے دور ہو جاتی ہے۔ اس سے کچھ تو ہوا کے زیادہ گرم نہ رہنے کی وجہ سے اور کچھ اپنے زیادہ اوپر اٹھ جانے کی وجہ سے بھاپ پھر کچھ پانی یا برف کی شکل میں بدل جاتی ہے۔ اس طرح بھاپ جب ہوا میں بہت بھر جاتی ہے اس

وقت اوپر کی طرف اس کا ایک بڑا جھنڈ سا بن جاتا ہے۔ بھاپ کا یہی جھنڈ یا گچھا بادل کہلانے لگتا ہے۔

بادل جب تک بھاری نہیں ہوتے تب تک ہوا ان کو اوپر اٹھائے رہتی ہے لیکن جب وہ بہت بھاری ہو جاتے ہیں تب نیچے گرنے لگتے ہیں۔ گرتے گرتے زمین کے پاس آکر پانی یا بوندوں کی شکل میں بدل جاتے ہیں۔

زمین پر گرا ہوا پانی کچھ تو بھاپ بن کر پھر اڑ جاتا ہے۔ کچھ زمین جذب کر لیتی ہے اور کچھ نالی، نالے، ندیوں اور دریاؤں کے راستے سمندر میں مل جاتا ہے جو بھاپ بنتا ہے وہ پھر بادل بن کر برس جاتا ہے۔ زمین میں جو پانی جذب ہو جاتا ہے وہ بھی کسی نہ کسی طرح گھوم پھر کر سمندر کی ہی طرف چلا جاتا ہے۔ اس سمجھنے کے لئے یہ بات دھیان میں رکھنی چاہئے کہ زمین کے اندر ہی اندر پانی کی کئی نالیاں بہا کرتی ہیں۔ انہی نالیوں سے ہو کر پانی ہمیشہ بہتا رہتا ہے۔ جب ہم زمین کھودتے ہیں تب کچھ دور پر پانی ہمیں ملنے لگتا ہے۔ یہ پانی اور کچھ نہیں ان نالیوں ہی کا بہتا ہوا پانی ہے۔ یہی نالیاں جھرنوں اور کنوؤں یا جھیلوں کی شکل میں ہمیں دکھائی دیتا ہے۔ گھوم پھر کر یہ بھی سمندر ہی میں پہنچ جاتی ہیں۔

جس کو کہرا کہتے ہیں وہ اور کچھ نہیں صرف پاس کا بادل ہے اور بادل کیا ہے؟ یہ ہم پہلے ہی بتا چکے ہیں۔ اوس بھی کچھ نہیں، بھاپ کی دوسری شکل ہے۔ دن میں گرمی کی وجہ سے وہ بھاپ بنی رہتی ہے اور رات میں سردی پاکر دھیرے دھیرے پانی بننے لگتی ہے اور صبح کے وقت جب ہم گھاس، پیڑوں کے پتے اور پودوں پر پانی کے جو قطرے جمے ہوئے دیکھتے ہیں تو انہیں اوس کہنے لگتے ہیں۔

چنانچہ کہرا، پالا، اوس، بادل وغیرہ سب کے سب بھاپ کی دوسری شکلیں ہیں۔ بھاپ ہی ان سب کو بناتی ہے اور یہ سب بھی یا تو پھر سے بھاپ بنتے ہیں یا اور کئی راستوں سے آکر سمندر میں مل جاتے ہیں۔ کہو دیکھا تم نے پانی کا پھیرا۔

ترجمہ

دیکھئے۔ منیجر کو خط لکھئے تو نمبر خریداری ضرور لکھئے

اور

ایڈیٹر کو خط لکھئے تو اپنا پورا پتہ ضرور لکھئے

ہماری سرکار

من موہن گپت

راجیوں کی حکومتیں :-

ہندوستان کے کئی حصے ہیں۔ انہیں راجیہ یا ریاست کہتے ہیں۔ ہندوستان ان راجیوں کا سنگھ ہے۔ ان کی تین قسمیں ہیں۔

کچھ تو وہ جو پہلے پرانت یا صوبہ کہلاتے تھے۔ ان کے نام یہ ہیں۔ اتر پردیش (یوپی) (۲) مدراس (۳) بمبئی (۴) بہار (۵) مغربی بنگال (۶) مدھیا پردیش (۷) اڑیسہ (۸) پنجاب (۹) آسام

ہر ایک راجیہ میں ایک راجیہ پال یا گورنر ہوتا ہے۔ اسے راشٹرپتی (ہندوستانی جمہوریت کا صدر) منتخب کرتا ہے۔ راجیہ پال یا گورنر پانچ سال تک اپنے عہدہ پر رہتا ہے۔

دوسری قسم کے راجیے گنتی میں سات ہیں ان کے نام یہ ہیں (۱) حیدرآباد (۲) راجستھان (۳) ٹراونکور کوچین (۴) میسور (۵) مدھیا بھارت (۶) سوراشٹر (۷) پٹیالہ اور مشرقی پنجاب راجیہ سنگھ ان میں کئی نام تمہیں نئے معلوم ہوں گے

وجہ یہ ہے کہ کچھ سال پہلے بھارت ہندوستان میں ریاستیں یا رجواڑے تھے۔ یہ چھوٹے بڑے لگ بھگ کوئی ساڑھے پانچ سو تھے۔ راجہ یا نواب ان پر حکومت کرتے تھے۔ اب ان میں سے کئی کئی راجیے ملا کر بڑے بڑے راجیے بنا دئے گئے ہیں۔ اور انہی راجوں میں سے ایک ایک راجیہ کا راج پرمکھ بنا دیا گیا ہے۔ راج پرمکھ کا بھی وہی کام ہوتا ہے۔ جو راجیہ پال یعنی گورنر کا ہوتا ہے۔ فرق بس اتنا ہے کہ راج پرمکھ راج پال یا گورنر کی طرح بدلا نہیں جاتا۔

تیسری قسم کے ایسے گنتی میں دس ہیں۔ (۱) وندھیا پردیش (۲) دلی (۳) ہماچل پردیش (۴) بھوپال (۵) اجمیر (۶) تریپورا (۷) کچھ (۸) منی پور (۹) کورگ (۱۰) بلاس پور۔

یہ راجیے بہت چھوٹے ہیں یہاں کا انتظام چلانے کے لئے راشٹرپتی ہر ایک راجیہ میں ایک چیف کمشنر یا اپ راج پال (چھوٹا راج پال)

یا چھوٹا گورنر منتخب کرتا ہے۔ یہ حاکم بھارت کی سرکار کی صلاح اور مشورہ کے مطابق اس چھوٹے راجیہ کی حکومت چلاتا ہے۔ جیسے ان تیسری قسم کے راجیوں کا انتظام بھارت سرکار کی صلاح سے چلتا ہے۔ ایسے ہی بڑے راجیوں میں راجیہ پال یا راج پرمکھ تو ضرور ہوتا ہے۔ لیکن وہاں کا انتظام بھارت سرکار یعنی سنگھ سرکار کی صلاح سے نہیں چلتا۔ وہاں ہر ایک راجیہ میں ایک راجیہ سرکار بھی ہوتی ہے

(۲) راجیہ سرکاروں کے کام

اب تم پوچھو گے۔ کہ سارے بھارت کی ایک بھارت سرکار ہوتے ہوئے اور راجیوں میں الگ الگ راجیہ سرکار کی کیا ضرورت ہے۔ اور ان کے کاموں میں کیا فرق ہے۔ اصل میں بھارت سرکار اور ریاستوں کی سرکار کے کام الگ الگ ہیں

بھارت سرکار تمام بھارت میں ریلوں، ڈاک تار، ٹیلی فون۔ وغیرہ بہت سی چیزوں کا انتظام کرتی ہے۔ بھارت کی حفاظت کے لئے فوج کا انتظام کرتی ہے۔ دوسرے ملکوں کے ساتھ تعلقات قائم کرتی ہے۔ ان کاموں کو سنگھیا ورشیہ (وہ کام جو صرف سنگھ کے ماتحت ہوں) کہتے ہیں راجیہ سرکاریں ان کاموں کے سلسلے میں کچھ نہیں کر سکتیں۔

لیکن کئی اور کام ہیں۔ جو بڑے بڑے راجیوں کی سرکاریں اپنے راجیے میں آپ چلاتی ہیں۔ ان میں خاص کام راجیہ میں امن رکھنے کا ہے۔ جس کے لئے راجیہ کی سرکار پولیس کا انتظام کرتی ہے۔ اسی طرح راجیہ سرکار تعلیم کا انتظام تندرستی کا انتظام اور زمینوں کا انتظام بھی کرتی ہے۔ وہ ان کاموں کو راجیہ کے وشیہ کام کہتے ہیں۔ جو دستور کی راجیہ فہرست میں دیئے گئے ہیں۔

(۳) دستور ساز مجلس

اب تم پوچھو گے۔ کہ بھارت سرکار کے لئے تو ایک چنی ہوئی لوک سبھا (مجلس عوام) ہوتی ہے۔ ایک راج پریشد ہوتی ہے۔ اور منتری منڈل ہوتا ہے۔ کیا راجیوں میں بھی ایسی ہی چنی ہوئی مجلس ہوتی ہے؟ اور منتری منڈل ہوتا ہے؟ ہاں وہاں بھی عوام ہی کی حکومت ہوتی ہے۔ لوک سبھا کی طرح ہر ایک راجیہ میں ایک ودھان سبھا (دستور ساز مجلس) ہوتی ہے۔ یہ لوک سبھا کی طرح چنی جاتی ہے۔ اکیس سال کی عمر کا ہر ایک شہری اس چناؤ میں حصہ لے سکتا ہے یہ ودھان سبھا پانچ سال کے لئے چنی جاتی ہے۔ اور اپنے راجیے کے لئے قوانین بناتی ہو ودھان سبھاؤں میں کتنے ممبر ہوتے ہیں؟

تم جانتے ہو۔ کہ سب راجیے برابر نہیں۔ اس لئے سب کی ودھان سبھائیں بھی برابر نہیں۔ اتر پردیش کی آبادی چھ کروڑ سے بھی زیادہ ہے۔ اس لئے وہاں کی ودھان سبھا میں ۴۳۰ ممبر ہوتے ہیں۔ بمبئی راجیہ کی آبادی سوا تین کروڑ ہے۔ وہاں کے ودھان میں اس سے بہت کم ممبر ( ) ہوتے ہیں۔ دستور میں لکھا ہے کہ کسی ودھان سبھا میں ساٹھ سے کم اور پانچ سو سے زیادہ ممبر نہیں ہوں گے۔

ودھان سبھا میں جس آدمی کے پیچھے سب سے زیادہ ممبر ہوتے ہیں۔ راجیہ پال (گورنر) راج پرمکھ اسے بڑا وزیر یا مکھیہ منتری بنا دیتا ہے وہ اپنی منتری پریشد بناتا ہے۔ جسے راج کا منتری منڈل یا راجیہ سرکار ہی کہتے ہیں۔ راجیہ میں بڑے وزیر کا وہی رتبہ ہوتا ہے۔ جو سنگھ سرکار میں وزیر اعظم کا ہوتا ہے۔ وہ ودھان سبھا کے سامنے ذمہ دار ہوتا ہے۔ ودھان سبھا وزیروں کو بدل سکتی ہے۔ راجیہ پال یا راج پرمکھ راجیہ سرکار اور بھارت سرکار کے درمیان کڑی کی طرح ہوتا ہے۔ راجیہ سرکار کا سب نظام اسی کے نام سے چلتا ہے

۱۵ اگست

۱۵ اگست آنے کی خوشی میں ہمارا دل پھولا نہ سما رہا تھا۔ اسی مبارک دن ہمارا دیش آزاد ہوا تھا۔ اور ہم نے غلامی کا جوا اتار پھینکا تھا۔ دو تین روز قبل ہی سے ہم نے اس کے لئے تیاریاں شروع کر دی تھیں۔ بازار سے مختلف رنگین کاغذ لے آئے ان رنگین کاغذوں سے شاندار خوبصورت جھنڈے اور خوشنما ہری، لال، نیلی، نارنگی، آسمانی اور دھانی بیلیں بنا رکھی تھیں ۱۵ اگست کو جیوں ہی صبح صادق کا ظہور ہوا۔ ہمارا دل بلیوں اچھلنے لگا۔ سچ جانئے اس وقت تو میں جامے سے باہر ہو رہا تھا بہرکیف پروگرام کے مطابق میں اپنے بچوں کی برادری کے ساتھ پربھات پھیری میں گیا۔ پربھات پھیری سے صبح ۸ بجے اپنے گھر واپس آیا۔ اور آتے ہی اپنے گھر کو سجانے میں منہمک ہو گیا۔ کپڑے کا ایک بڑا شاندار ترنگا جھنڈا مکان کی اونچی جگہ پر نصب کر دیا تھا۔ اور کاغذی جھنڈیوں اور رنگین بیلوں سے پورے مکان کو گلزار بنا ڈالا تھا

سارا دن یوں ہی رنگ رلیوں میں گزر گیا۔

انور انصاری ڈیرو ی بچوں کی برادری گیا۔

حُسنہ کی مُرغی

ماسٹر محمود الحسن مسلم یونیورسٹی علی گڈھ

ہرے بھرے کھیتوں اور باغوں کے پاس ایک گاؤں ہے۔ اِس کے بیچوں بیچ ایک گھر اس گھر میں نیم کا پیڑ ہے۔ یہ پیڑ حسنہ کا ہے۔ حسنہ اپنی آپا اور امّی کے ساتھ رہتی ہے۔ اِس کے ابّا اور چچا میاں پڑھنے کے لئے کہیں دور گئے ہوئے تھے۔ حسنہ گھر میں بس اکیلی تھی۔ اس کا جی بچوں میں کھیلنے کو للچاتا۔ لیکن اِس کے کوئی بھائی نہ تھا۔ کس کے ساتھ کھیلتی۔ اس کی امّی محلّہ کے بچوں میں اسے کھیلنے نہ دیتیں ہاں جب وہ اپنی نانی کے یہاں چلی جاتی۔ تو بہت خوش ہوتی۔ یہاں اس کو اپنی خالہ اور ماموں کے ساتھ خوب کھیلنے کو ملتا۔ جو بس اس سے ذرا ہی کچھ بڑے ہوں گے۔ نانا اور نانی بھی اس کو خوب پیار کرتے۔

حُسنہ کا گھر سُونا سُونا سا تھا۔ حسنہ کی آپا نے مُرغیاں پال رکھی تھیں۔ جو تمام دن اِدھر اُدھر پھرا کرتیں۔ ایک دن ایک آدمی بڑے سے چھبڑے میں بہت سی مرغیاں بیچنے کے لئے لایا

اُس نے آواز لگائی۔ تو حسنہ دروازے پر گئی۔ اور کھڑی ہوگئی۔ بھنگی سمجھا کہ شاید اس گھر میں کوئی مرغیاں لے گا۔ اُس نے چھبڑا اُتارا اور بیٹھ گیا۔ حُسنہ نے چھبڑے میں کچھ پچھر مرغیاں دیکھیں تو بھاگتی اندر گئی۔ اور کہا کہ آپا! مرغیاں! حُسنہ کی آپا نے ایک سفید سی خوبصورت سی مرغی لے لی۔ جب اس مرغی کو گھر میں لائے۔ تو وہ چاروں طرف دیکھنے لگی اُداس اُداس غمگین سی نہ جانے کیوں؟ حُسنہ کی آپا نے اِس کو دانہ ڈالا۔ اس نے نہیں کھایا۔ حُسنہ نے پیالے میں پانی لاکر رکھا۔ اس نے وہ بھی نہ پیا۔ وہ سُست تھی شاید اِس لئے کہ نئی جگہ آئی تھی نیم کی جڑ پر اُداس سی بیٹھی رہتی۔ پر ایک دو دن میں اِس کا جی لگ گیا۔ تو دانہ بھی کھایا۔ پانی بھی پیا۔ اور چلی پھری بھی۔ لیکن اور مرغیاں اِس کو بہت ستاتیں

حسنہ کی ماں دانہ ڈالتی تو اور مُرغیاں بھاگ کر آجاتیں۔ یہ دانہ اُٹھاتی تو اِس کو مارتیں۔ یہ بچاری بھاگ کر دُور جا کھڑی ہوتی۔ حسنہ مٹھی میں دانے لے کر اس کے پاس جاتی اور دانے ڈالتی تو مُرغیاں بھاگ کر پھر اس کے پاس پہنچ جاتیں۔

پھر تو ایسا ہوا۔ کہ جب ساری مرغیاں اِدھر اُدھر گھورے پہ پھرنے چلنے چلی جاتیں تو حسنہ اکیلے میں اِس مُرغی کو دانہ ڈالتی، تیج تیج کر کے بلاتی۔ وہ دانہ کھا کر پانی پی کر دوڑ لگاتی۔ حسنہ خوش ہوتی۔ پھر تو وہ حسنہ سے ہل گئی۔ اور حسنہ کی مرغی مشہور ہو گئی۔ جہاں حسنہ جاتی۔ اس کے پاس ہی جا کر بیٹھتی۔ اگر حسنہ صحن میں جاتی۔ تو مرغی بھی ساتھ جاتی۔ حسنہ سہ دری میں پہنچی تو یہ بھی ساتھ ہو لیتی۔ اگر حسنہ چارپائی پر بیٹھتی۔ تو یہ بھی اس کے قریب پر پھیلا کر بیٹھ جاتی۔ جب حسنہ پر اور زیادہ پیار آتا تو چارپائی کی پٹی پر بیٹھ جاتی۔ بعض دفعہ حسنہ کے کپڑوں پر بیٹ کر دیتی۔ تو حسنہ خفا بھی ہو جاتی اور اسے ایک پتلی سی سنٹی سے بنکا کر دور کراتی۔ وہ تھوڑی دیر میں پھر آجاتی۔ حسنہ غصہ میں ہوتی تو کہتی کہ تو نے میرے کپڑے خراب کر دئے۔ میں تجھے اب نہ دانا ڈالوں گی۔ نہ پانی رکھوں گی۔ مرغی خدا جانے حسنہ کی بات سمجھ جاتی۔ یا وہ یہ جان لیتی کہ حسنہ اِس وقت غصہ ہے بار بار اس کے پاس آتی۔ جیسے معافی مانگ رہی ہو۔ حسنہ کو ترس آ جاتا۔ دانہ بھی ڈالتی اور پانی بھی رکھتی۔ حسنہ روٹی کھاتی تو یہ بھی اِس کے پاس جا کھڑی ہوتی۔ کہ اچھی! مجھے بھی تو کھلاؤ۔ حسنہ روٹی میں سے چھوٹے چھوٹے ٹکڑے توڑ کر اس کے سامنے ڈالتی وہ بھاگ بھاگ کر اُن ٹکڑوں کو اُٹھاتی۔ جلدی جلدی کھا لیتی۔ جب حسنہ اپنے کھانے میں لگ جاتی۔ اور اس کو نہ ڈال پاتی۔ مُرغی کا جی للچاتا۔ اور چھیڑنے کے لئے وہ حسنہ کے ہاتھ سے نوالہ چھین کر مٹکتی ہوئی بھاگ جاتی۔ اور دور جا کر کھانے لگتی۔ حسنہ کو پھر غصہ آ جاتا۔ دل میں کہتی اچھا اب آئیو! میرے پاس میں اب چٹنی برابر تجھ کو روٹی نہ ڈالوں گی۔

جب حسنہ کا غصہ دُور ہو جاتا۔ اور جی گھبراتا تو مُرغی کے ساتھ کھیلتی اس کی دم پکڑ لیتی۔ وہ بھی آپا سے شکایت کر دیتی۔ غیں! غیں!! غیں!!! دیکھو آپا حسنہ نہیں مانتی۔ حسنہ اِس کو گود میں اُٹھا لیتی

بچوں کی کوششیں

دہلی سے قسطنطنیہ

خورشید جمال قدوائی

۲۴ مئی کی صبح کو کوئی ۱۱ بجے ہم لوگ پان امریکن کمپنی کے ہوائی جہاز سے ٹرکی روانہ ہوئے۔ کراچی کے ہوائی اڈے پر والد کے دوست ہم لوگوں کا انتظار کر رہے تھے ان سے ملاقات ہوئی۔ پھر ایک کمرہ میں بٹھایا گیا۔ یہاں ہمارے پاسپورٹ دیکھے گئے۔ کھانا وغیرہ کھایا۔ اپنے کچھ دوستوں کو ٹیلفون کیا۔ میں اُن کا انتظار ہی کر رہا تھا کہ جہاز کے روانہ ہونے کا وقت آگیا۔ بہت افسوس ہوا۔ وہ بے چارے آتے ہوں گے۔ اور ناکام لوٹ گئے ہوں گے۔

بصرہ اور دمشق میں ٹھہرتے ہوئے تین بجے رات کو ہم استنبول پہنچے۔ ہوائی اڈے سے گھر تک کچھ نظر نہ آیا۔ اندھیرا جو تھا۔

ہمارا مکان سمندر کے کنارے بہت خوبصورت جگہ پر ہے۔ ایک طرف پورا شہر دوسری طرف ہرا ہرا سمندر دکھائی دیتا ہے

شام کو بس پانی کے ایک چھوٹے سے اسٹیمر پر بیٹھ کر ریلوے اسٹیشن گیا۔ ہندوستان کے سیفر مسٹر جہانقرہ یا انگورہ جا رہے تھے۔ ہم سے ملاقات ہوئی۔ یہاں ایک خاص بات ہے۔ کہ ریلیں زمین کے اندر بھی چلتی ہیں۔ سب سے دلچسپ چیز یہ ہے۔ کہ اندر جو ٹرینیں چلتی ہیں۔ اُن کے لئے زمین کے اندر جانے کا راستہ ہوتا ہے۔ اندر کی ریلیں بجلی سے چلتی ہیں۔ یوروپ میں عام طور پر اور کہیں کہیں ایشیا میں بھی ایسی زمین دوز ریلیں چلتی ہیں۔ ایک دفعہ میں بھی اس پر بیٹھا بڑا مزا آیا۔

دلی میں پکنک اور سیر کی جگہ اوکھلا ہے یا قطب صاحب یہاں بہت سی جگہیں ہیں اور بہت خوبصورت ہیں۔ ہر اتوار کو پکنک کے لئے جاتا ہوں۔

سمندر یہاں دو ہیں۔ ایک مرمرا دوسرا باسفورس۔ باسفورس کا پانی برف کی طرح ٹھنڈا مرمرا کا وکھلے کی نہر جیسا۔

ترکی مسلمانوں کا ملک ہے۔ حکومت بھی مسلمانوں کی۔ مگر یوروپ کا لباس پہنا جاتا ہے۔ یوروپ کی تہذیب کا سکہ چلتا ہے۔ رہن سہن بھی یوروپ کے انداز کے۔ لوگ بہت فیشن پرست ہیں۔ عورتوں، مردوں بچوں سب کا ایک حال ہے۔ کوئی کرتا پاجامہ پہن کر باہر نکل جائے۔ تو اس کا مذاق اڑاتے ہیں اسے وہ سلیپنگ سوٹ کہتے ہیں۔

ابھی میں نے بہت کم چیزیں دیکھی ہیں باقی پھر لکھوں گا۔

بے موقعہ بات:- حسان غنی جوروی

ایک جگہ کوئی بھکارن رہتی تھی۔ وہ جہاں کہیں بھیک مانگنے جاتی خوش ہو جاؤ کا نعرہ لگاتی۔ ایک دن کہیں موت ہو گئی۔ میت نہلا دھلا کر آنگن میں رکھی گئی تھی۔ اتنے میں یہی بھکارن ادھر آنکلی۔ اور دروازے میں گھسنے سے پہلے ہی نعرہ لگایا۔ خوش ہو جاؤ۔ گھر میں گھسی۔ تو جنازے پر نظر پڑی۔ نہ جانے کتنی آنکھیں اسے غصے سے دیکھ رہی تھیں۔ اور اس کا یہ حال کہ کاٹو تو لہو نہیں بدن میں۔ الٹے پاؤں بھاگی۔ اس دن سے اس نے نعرہ بدل دیا اب وہ کہتی ہے "سکھ سے کھاؤ سکھ سے رہو لیں نے اس بھکارن کو دیکھا ہے۔

لطیفے:

اسلم: کہئے آپ کے بال بچے کیسے ہیں۔
سلیم: بال تو سر پر دیکھ لیجئے۔ بچے گھر پر کھیل کود رہے ہیں۔

ایک شخص: کیا آپ مسافر ہیں۔
مسافر: جی نہیں انسان ہوں، دہلی سے آیا ہوں

استاد: فعل کی تعریف کرو
لڑکا: لڑکا امتحان میں فعل ہو جائے اسے فعل کہتے ہیں۔　　محمد اظہر اشرادی

استاد: ایک بے وقوف ایسے سوال پوچھ سکتا ہے۔ جس کا جواب عقل مند بھی نہیں دے سکتے
موہن: یہی تو بات ہے۔ جو میں امتحان میں فیل ہو گیا۔　　محمد احمد بنارس

مجسٹریٹ: ارے تم روتے کیوں ہو۔
ملزم: میں نے کبھی جیل خانہ نہیں دیکھا حضور!
مجسٹریٹ: اوہو تو گھبرانے کی کیا بات ہے۔ ابھی دکھائے دیتے ہیں۔　　محمد نسیم رائے بریلی

باپ: (غصے میں) الو کے پٹھے۔
بیٹا: ابا جان کیا آپ سچ کہہ رہے ہیں۔
نذیر الدین سیالکوٹ

اِدھر اُدھر سے

مشین کا ہاتھی

انگلستان میں ایک مقام ہے ۔ ایکس وہاں بازاروں میں ایک ہاتھی چلتا پھرتا دکھا دیا۔ اِس پر تمہارے آٹھ ساتھی یعنی بچے بیٹھے تھے ۔ ایک مہاوت بیٹھا تھا۔ لوگ اس ہاتھی کو دیکھ کر حیران اور ششدر رہتے ۔ نہ جانے کیوں ہمارے ہاں تو روز مرّہ ہاتھی اِدھر سے اُدھر آتے جاتے رہتے ہیں کوئی آنکھ اٹھا کر نہیں دیکھتا ۔ بات ایک اور تھی ۔ یہ سچ مچ کا ہاتھی نہیں تھا۔ مشینی ہاتھی تھا ۔ بارہ فٹ لمبا آٹھ فٹ چوڑا وزن ایک ٹن سے زیادہ اِس میں آٹھ گھوڑوں کی طاقت کا ایک انجن لگا ہوا ہے۔ چاروں ہاتھ پاؤں مشین کے ذریعے جڑے ہوئے ہیں جس وقت چلتا ہے تو بالکل سچ مچ کا ہاتھی لگتا ہے ۔ اور بھی ایک گھنٹے میں بیس میل چل لیتا ہے ۔ قیمت بھی سن لو سولہ ہزار روپے بچوں کو اس سواری میں خوب مزا آیا ۔

اس کا موجد اب ایسا ہاتھی بنانے کی فکر میں ہے ۔ جو پانی میں بھی تیر سکے ۔

انگلستان کے مختلف اسکولوں میں تین ہزار سے زیادہ بچوں کا ایک نئے طریقے سے علاج کیا جانے والا ہے ۔ اِس سے دانت خراب ہونے نہیں پاتے ۔ دانتوں پر ایک خاص دوا لگائی جاتی ہے اور بس یہ تجربہ کئی سال جاری رہے گا ۔

ایک انگریز کمپنی نے ایسے ریکارڈ تیار کئے ہیں ۔ جو چھوٹے بچوں کو جنم دن کے موقع پر تحفے میں دئے جا سکتے ہیں ۔ ریکارڈ کے ایک طرف مبارکباد کا گیت ہے دوسری طرف ایسے گیت ہیں ۔ جو اس عمر کے بچوں کو اچھے لگتے ہیں ۔ ریکارڈ خوبصورت لفافوں میں لپٹے ہوتے ہیں ۔

سائنس دان ایک ایسے آلہ کی ایجاد کی فکر میں ہیں ۔ جو مچھیروں یا ماہی گیروں کو یہ بتائے گا ۔ کہ سمندر کے گہرے پانی میں مچھلیاں کس جگہ ہیں ۔ اور کس قسم کی مچھلیاں ہیں ۔



چڑیا اور بلی


از ابوسلم اعظمی

اک ننھی لال چڑیا، فرزانہ خوش ترانہ ڈالی پہ اک شجر کی ہے جس کا آشیانہ
مسکن میں اپنے بیٹھی وقت سحر خوشی سے شکر و سلامتی کا گاتی ہے وہ ترانہ

نیچے سے ایک بلی، مسکین متیں صورت — للچائی جس کی نظریں ہیں سوئے آشیانہ
پہنچے تو کیسے پہنچے وہ شاخ آشیاں تک — پرواز سے ہے قاصر بے پر ہے اس کا شانہ
باتوں سے اپنی لیکن لاسہ لگا رہی ہے — انداز ساحرانہ ہے چال شاطرانہ
چٹخارہ لیکے بولی "میں بھگت ہو چکی ہوں — بالائی پر گذر ہے روزانہ اور شبانہ
جو ہے نثار مجھ پر چوہیاں مری فدائی — میری میاؤں سے اب ڈرتا نہیں زمانہ
بھڑکو نہ تم بھی مجھ سے اے پیاری لال چڑیا — دل سے نکال دو تم ہر خوف طائرانہ
بام فلک سے اڑ کر فرش زمیں پہ آؤ — اے کاش ہو قدم سے روشن غریب خانہ
طرفہ مزہ چکھاؤں، لذت میں کم نہیں ہے — آکاش کی ہوا سے دھرتی کا آب ودانہ
تم آسماں کی کہنا، سننا زمیں کی مجھ سے — گذرے گی خوب آؤ مل بیٹھیں "دوستانہ"

اے میری خالہ بلی اڑتی ہو تم مجھی سے — ہنس کر یہ بولی چڑیا با نطق زیرکانہ
پھندے میں تیرے آئے الو وہ کوئی ہوگا — دام اور دم میں تیرے مشکل ہے کوئی دانا

(ترجمہ)



मनुष्य के जीवित रहने की औसतन आयु

देश	स्त्री (वर्ष)	पुरुष (वर्ष)
अमरीका	६५	६१
इग्लैण्ड	६४	६०
फ्रांस	५६	५४
जर्मनी	६३	६०
रूस	४६	४२
भारत	२६३	२७
चीन	३५	३५
इटली	५६	५४

मुस्कान

(एक लड़के के गाली दे देने पर)

मास्टर—लड़को अब जो भी गाली दे उसे दस छड़ियां मारा करो।

दूसरे दिन एक लड़का कापी नहीं लाया तो—

मास्टर—क्यों बे गधे कापी क्यों नहीं लाया ?

लड़के ने उठकर १० बेतें मास्टर साहब को लगा दीं।

मास्टर—क्यों बे यह क्या बत्तमीजी है ?

लड़का—सा० आप ही ने तो कल कहा था कि जो गाली दे उसे दस छड़ियां मारा करो।


—गोल कृष्ण हैद्राबाद (दक्षिण)

(पृष्ठ १३ का शेष)

सलीम का बेहोश शरीर अस्पताल में लाया गया। डा० ने दवा-दारू की। सलीम ने अल्लाह, कह कर आंखें खोलीं। डा० ने चोटों पर पट्टी बांधी और पीने के लिए दवा दी। रात बुरी तरह से कटी, प्रातः ब्यान लेने के लिए एक अंग्रेज पहुँचा।

अंग्रेज ने कहा, कहो बच्चे ! तुम अपने किये पर पछताते हो ना ? यह तुम्हारा ब्यान मैं लिख लूँ ? या और कुछ कहना चाहते हो ! सलीम ने कराहते हुए अपनी पूर्ण शक्ति से उत्तर दिया……… यह चन्द वाक्य और इसमें जोड़ लीजिये कि कि यदि आपका देश परतन्त्र हो और अल्लाह करे आप मेरी तरह से उस पर कुरबान हों, तब आप अपने किये कर्म पर………और प्राण निकल गये।

ऐसे शहीदों के खूनों से सींचा हुआ हिन्दू मुसलमान का, सिख ईसाई का, स्त्रि पुरुष का, बालक-बालिकाओं का अर्थात हम सब का यह राष्ट्रीय त्यौहार है। यह हमें बहुत प्यारा है और हम सब इसे बहुत शान से मनाते हैं।



बच्चों से बातें

पशु जीवित रहने की अवस्थाएं

पशु	वर्ष
चींटी	१
रीछ	५०
ऊंट	५०
मगर	३०० से ४०० तक
बिल्ली	१५
घोड़ा	५०
शेर	७०
चूहा	२ से ३ तक
बन्दर	३५
सूअर	२५
गाय	२५
कुत्ता	२०
हाथी	१००

पशु	वर्ष
बकरा (बकरी)	१५
भेड़	१२
सांप	१०
चीता	१५ से २० तक
वेल मछली	५००
उल्लू	६ से ८ तक
पक्षी	
कौआ	१००
मुर्गी	१४
तोता	१००
कोयल	१५
सारस	७०
गिद्ध	१००

राष्ट्रीय-त्यौहार

[लेखक—तुलाराम गौड़]

कल १५ अगस्त है ! तो स्वतन्त्रा दिवस की छुट्टी रहेगी ? जरूर कल छुट्टी है । १५ अगस्त को हमारा देश भारत आज़ाद हुआ था ! अब हम सब आजाद हैं । ऐसे आज़ाद कि अपने देश की सभ्यता और संस्कृति की पूर्ण रूप से सेवा कर सकें ।

क्यों भाई ! क्या पहले ऐसे काम करने पर पाबन्दी थी ? मेरे विचार में तो जो आज़ादी पहले थी वही अब है और जो पाबन्दी पहले थी उससे कई गुणा अब प्रतिबन्ध हैं ।

जी नहीं ? आप सदैव बे सिर पैर की हांकते हैं ! ६ अगस्त को इतनी जल्दी भूल गए ! आपको पता होगा कि १२ वर्ष का वह मुसलिम बच्चा, किस तरह उन आततताई गोरे सोलजरों का शिकार बना था ।

६ अगस्त सन ४२ को प्रातः महात्मा गांधी और उनके साथी गिरफ्तार कर लिए गए, साम्राज्यवादियों का यह कदम देश और शासक के लिए बहुत भयंकर था । प्रजा नित्य के ज़ुल्मों से तंग आगई थी । अतः नेता विहीन प्रजा ईंट का जवाब पत्थर से देने लगी। अंग्रेज सोलजर खुले मैदान गांधी टोपी वालों को गोली से उड़ाने लगे ।

सलीम की आयु अभी १२ वर्ष की थी, जब कि उससे पिता की गिरफ्तारी, तथा गांधी टोपी का अपमान उससे सहन न हो सका । उसने छोटे २ बच्चों का एक दल बनाया, और तिरंगा हाथ में लेकर मैदान में कूद पड़ा । जलूस लाल कुएं से फतेहपुरी होता हुआ चांदनी चौक में दाखिल हुआ । लाल मुहं वाले भेड़िये मासूम बच्चों पर झपटे । सलीम ने ललकार कर कहा ········बढ़े चलो बहादुरों माता पिता बार-बार जन्म नहीं देते, बार-बार के मरने जीने से एक बार का मरना कई गुणा बेहतर है ।·········और फिर इस गुलामी की जिन्दगी से तो यह वीरों वाली मौत किसी बिरले वीर को ही मिलती है ।

सलीम अभी अपनी बात पूरी भी न कह पाया था कि लाल भेड़िये बुरी तरह से मुंह फाड़ कर बढ़े । थप्पड़ मुक्का लाठी नेजा न मालूम एक ही बार में कितनों का हमला इस इकहरे शरीर पर हुआ । मौत से बन्दूक की सूई की मौत मरना कितना बड़ा कठिन बलिदान है । धन्य हैं वे शहीद जो सूई की नोक से अपना शरीर छिदा कर अपनी मातृ-भूमि पर क़ुरबान हुए हैं ।

(शेष पृष्ठ १५ पर)

पिल्लू और बिल्ली

पिल्लू दुबका पड़ा हुआ था,
उस पर चूहा चढ़ा हुआ था।
शैतानी करने की धुन में,
नम्बर उसका बढ़ा हुआ था॥

दौड़ी फांद पड़ी चूहे पर,
बिल्ली ने उसको देखा ज्यों।
चूहा भगा और बिल्ली की—
पिल्लू ने गर्दन दाबी त्यों॥

पटका देकर के पिल्लू ने,
बिल्ली को भूमि में गिराया।
बिल्ली मौसी और पकड़ लो,
भगते चूहे ने यह गाया॥

चिल्ला कर भागी झट बिल्ली,
पिल्लू ने सब मजा चखाया।
ज़ालिम बिल्ली का यह हाल,
हम सबको था खूब भाया॥

—शिवलाल शर्मा 'प्रवासी'

ऐसा क्यों कह रहा है ? डाकुओं के दोबारा पूछने पर भी शाबू ने वही उत्तर दिया। डाकुओं ने शाबू को बालक समझकर—मजाक करता होगा—कहकर छोड़ दिया और चले गये।

अपने स्थान वापस पहुँचने के बाद जब तमाम डाकू लूट का माल अपने सरदार के सामने पेश कर रहे थे तो एक डाकू बोला—"सरदार उस काफले में एक ऐसा बालक था जो कहता था कि मेरे पास ४०) रुपये हैं। सरदार ने कहा—"तुमने लूटे नहीं।" डाकू ने उत्तर दिया—"नहीं सरदार।"

क्यों ?

"सोचा कि पूछने पर पर कौन सच्च कहता है। ऐसे मौकों पर लोग झूठ ही बोला करते हैं इसलिये उसके पास कुछ न समझ कर छोड़ दिया है।"

"अच्छा ! जाओ उसे अब पकड़ लाओ।"

बालक को पकड़ कर सरदार के सामने लाया गया।

क्यों तुम्हारे पास क्या है ? सरदार ने पूछा।

मेरे पास ४० रुपये हैं। बालक ने उत्तर दिया।

"क्या तुम सच कह रहे हो"—सरदार ने फिर पूछा।

(निडर होकर) हां !. यह रुपये चलते समय मेरी मां ने दिये थे और कहा था कि बेटा कितनी भी विपत्तियां तुम पर क्यों न आयें हमेशा सच्च बोलना।" यह बालक का उत्तर था।

सरदार पर शाबू के इस उत्तर का बड़ा प्रभाव पड़ा। उसने शाबू को शाबाशी देते हुये तमाम डाकुओं को लुटा हुआ माल वापिस कर देने का हुक्म दिया। शाबू को भी काफले में वापिस पहुँचा दिया गया।

काफले के लोगों ने जब शाबू की यह बात सुनी तो बड़े प्रसन्न हुये और शाबू को आदर की दृष्टि से देखने लगे।



कहानी :~

आज्ञाकारी शाबू

[लेखक—गिरधारी लाल गांधी]

पुराने समय में रेलें नहीं थी। लोग अपना सफर काफले बना-बना कर तय करते थे। स्थान-स्थान पर मंजिलें बनी थीं जहां लोग थक जाने पर विश्राम कर लिया करते थे।


विदेशों से विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने के लिये भारत आया-जाया करते थे। ईरान शहर में मोहम्मद अली नाम का एक व्यक्ति रहता था। उसका एक लड़का था जिसका नाम शाबू था। शाबू के बड़ा होने के पहले ही उसके पिता की मृत्यु हो चुकी थी। शाबू की केवल अब एक मां थी। शाबू का पालन पोषण बड़े लाड़ प्यार से होता रहा। बड़ा होने पर शाबू बड़ा होनहार और आज्ञाकारी निकला।

एक समय की बात है कि विदेशों से भारत के लिए एक काफला आरहा था। उस काफले में ज्यादातर ऐसे लोग थे जो भारत शिक्षा प्राप्त करने के लिए आ रहे थे। काफला आते समय ईरान शहर में रुका था। शहर के बहुत से लोग काफले के स्वागत के लिये गये हुये थे। शाबू भी उनके साथ था। काफले के लोगों से मिल कर शाबू की इच्छा भी भारत शिक्षा के लिये जाने की हुई। शाबू ने मां से जाने की आज्ञा मांगी। शाबू मां का एकलौता बेटा था इसलिये पहिले तो मां ने मना कर दिया पर फिर जब शाबू बार-बार जिद करने लगा तो आज्ञा दे दी।

शाबू जब जाने के लिये तैयार हुआ तो उसकी मां ने कहा बेटा सदैव मेरी एक बात याद रखना—"तुम पर कितनी भी मुसीबत क्यों न आये पर हमेशा सच बोलना और हाथ का भी सच्चा रहना। इसका पालन करने पर ईश्वर तुम्हारा कल्याण और रक्षा करेगा।"

शाबू का काफला रवाना हुआ। काफला तब कोई दो-चार मंजिलें ही तय कर पाया था कि डाकुओं के एक गिरोह ने उस पर हमला कर दिया। कहा जाता है कि डाकू काफिले को लूटते-लूटते जब शाबू के पास पहुँचे तो डाटकर शाबू से पूछा—"क्यों बे! तेरे पास क्या है?" शाबू ने सच-सच कह दिया—"मेरे पास चालीस रुपये हैं।" डाकू शाबू का यह उत्तर सुनकर अचम्भे में पड़ गये—सोचा कि अजीब बात है और लोगों ने तो इस प्रकार नहीं कहा य

एक ओर भयानक वीर म्लेच्छराज था तो दूसरी ओर सोलह वर्ष का एक वीर बालक। तलवारों की चोटें जमकर हो रही थीं। मगध की जनता बड़ी बेचैनी से इस युद्ध को देखने लगी बड़े बड़े युद्ध के डंके बजाने वाला म्लेच्छराज अशोक पर राहु की तरह टूट कर पड़ रहा था, परन्तु वीर अशोक ने उछल कर म्लेच्छराज के घोड़े पर छलांग लगादी और न जाने कब म्लेच्छराज का सिर धड़ से अलग हो कर भूमि पर आ पड़ा चारों ओर सन्नाटा छा गया। शत्रु की सेना भाग गई। मगध की जनता ने वीर अशोक के नेतृत्व में नगर में प्रवेश किया और वहां चारों ओर अपनी विजय के हर्ष में जनता थिरकने लगी, नगर के सजावटें होने लगी, खुशी के बाजे बजने लगे बालक बूढ़े नारियां अशोक को धन्य-वाद दे रही थीं। अशोक दौड़ा हुआ जेलखाने में पहुँचा और वहाँ से महाराजा और राज कुमारी शुचि को बाहर निकाल कर लाया, उन का स्वागत किया। महाराज मगध ने एक भारी दरबार बुलवाया। उसमें अशोक के स्वर्ग वासी पिता के लिये भगवान से प्रार्थना की गई। महाराज ने घोषणा कर दी कि हमारे बाद सारे राज्य का उत्तराधिकारी अशोक होगा। और राजकुमारी शुचि का शुभ विवाह भी अशोक के साथ होगा। विजय की खुशियों के साथ विवाह की खुशियाँ मिल गई। अशोक का विवाह बड़ी धूम धाम से हो गया। महलों में अशोक और शुचि को पहली बार पता चला कि अशोक महाराजा मगध के ही राजकुमार हैं और शुचि पराजित हुए सरदार की राज कुमारी हैं।



बालक की वीरता......

(पिछले अङ्क का शेष)

इन्हीं चिन्ताओं में सवेरा हो गया, वह झटपट उतरा और अपने नगर की ओर चल दिया, मार्ग में देहातियों से पता चला कि म्लेछराज ने महाराज मगध पर चढ़ाई कर दी है। भयंकर लड़ाई हो रही है। चारों ओर रक्त की नदियां बह रही हैं। अनगिनत शस्त्रों का प्रयोग हो रहा है। हरी-भरी मगध की राजधानी तोपों के गोलों से भूमि पर बिछी जा रही थी—चारों ओर जनता में हाहाकार मचा हुआ था। नागरिक लोग अपनी जान बचाकर भागे जा रहे थे। बच्चों और बूढ़ों का कोई सहारा न दिखाई देता था। इस भयानक लड़ाई को देखकर अशोक से न रहा गया। उसकी नसों में रक्त उबलने लगा, आंखें लाल होगईं। क्रोध के मारे होठ फड़फड़ाने लगा। हाथ बार बार धनुष बाण पर जाने लगे। वह द्रुत गति से चल पड़ा। घर पर पिता जी नहीं मिले। कुछ भय प्रतीत होने लगा। इतने में एक सिपाही दौड़कर आया और बोला, अशोक तुम्हारे वृद्ध पिता इस युद्ध में काम आ गये। अशोक का सिर चकरा गया उसे चारों ओर अंधकार दिखाई देने लगा। थोड़ी देर में सावधान होकर बोला कि महाराज का क्या समाचार है? वह सिपाही बोला महाराज तो राजकुमारी शुचि के साथ शत्रु के जेलखाने में हैं। शत्रु उन्हें बहुत कष्ट पहुँचा रहा है। म्लेच्छराज ने महाराज को कहा है कि चौबीस घंटों में हथियार डलवा दो नहीं तो तुम्हें फांसी देदी जायेगी। परन्तु सेनापति जी हथियार डालने को तैयार नहीं है। दूसरी बात यह है कि कल म्लेच्छराज राजकुमारी शुचि से बलपूर्वक विवाह करने वाला है। कुंवर जी! अब तो आप ही कुछ कर सकते हैं। यह सब सुनते ही अशोक तिलमिला उठा, उसने बिना कुछ साथी लिए शत्रु पर पीछे से अचानक आक्रमण कर दिया। लाखों शत्रु की सेना पर वह बिजली की तरह चमक रहा था, उसकी चलती हुई तलवार दिखाई न पड़ती थी। मुंह में घोड़े की लगाम पकड़े हुये और दोनों हाथों में तलवार पकड़े हुये वह अनोखी शोभा पा रहा था। जिधर भी शत्रु के सिपाही देखते थे, उधर ही उन्हें अशोक दिखाई देता था, इतनी फुर्ती और चतुराई से लड़ रहा था कि शत्रु की सारी सेना सिट्टी पिट्टी भूल गई, रुण्ड मुण्डों से भूमि भर गई, शत्रु की सेना में हाहाकार मच गया और वह चारों ओर को भाग खड़ी हुई अपनी जीत को हार मे पलटता हुआ देखकर म्लेच्छराज थर्रा उठा और वह स्वयं अशोक के सामने आ डटा।

चींटी

देखो, यह नन्हीं सी चींटी
मुंह में दाने का कन लेकर
धीरे धीरे आ पहुँची है
अपने इस नन्हे से घर पर

कितनी दूर दूर से यह चलकर
एक एक कन दाना लाती,
इसी तरह यह अपने घर में
है भोजन के ढेर लगाती

जब वर्षा के दिन आएंगे,
यह बाहर न निकल पाएगी
तब यह इस मेहनत के फल को
घर में रह कर ही खाएगी।

—नगीनचन्द 'प्रदीप'

बात कहीं नहीं लिखी गई है। वकील साहब झुंझलाकर बोले—अरे! यह भी क्या लिखाने की बात है? आज से मैं कह देता हूँ जो काम हो चाहे लिखा हो या नहीं, सब करना होगा।

एक दिन वकील साहब अपने मित्रों सहित कचहरी जा रहे थे कि छकौड़ी ने पीछे से पुकार कर कहा बाबू जी, आते वक्त दो आने के सतू लेते आइयेगा। वकील ने क्रोधित होकर कहा—मूर्ख कहीं का, ऐसा-ऐसा काम धीरे से कहना चाहिए। छकौड़ी ने कहा अब ऐसा ही करूंगा। एक दिन बाबू साहब के घर में आग लगी। छकौड़ीने कचहरी जाकर धीरे से उनके कान में कहा—हजूर घरमें आग लगी है। वकील साहब क्रोधित होकर बोल उठे—बदमाश कहीं का! ऐसे-ऐसे काम में रोते-पीटते आना चाहिये। छकौड़ी ने कहा—हजूर अब ऐसा ही होगा। एक समय वकील साहब के घर लड़का पैदा हुआ। छकौड़ी रोते-पीटते कचहरी पहुँचा और वकील से कहा—हजूर गजब हो गया। वकील ने क्रोधित होकर पूछा—क्या हुआ? हजूर वकिलाइन साहिबा को लड़का हुआ है। यह सुन उनके सभी साथी हंस पड़े। वकील ने हंसकर कहा—अरे मूर्ख! ऐसा काम होने से हंसते हुए आना चाहिए। छकौड़ी ने कहा—हजूरआगे से ऐसा ही करूंगा। दुर्भाग्यवश वकील साहब के पिता का देहान्त हो गया। छकौड़ी हंसते हुए कचहरी गया और वकील से कहा—हजूर बड़ी खुशखबरी है। इनाम दोगे तो कहूँगा। वकील ने कहा—अरे कहो भी तो, इनाम की क्या बात है जितना चाहो ले लेना कहो भी तो! छकौड़ी बोला—आपके पिता का देहान्त हो गया। वकील साहब ने माथे पर हाथ पटक कर—जी तो चाहता है इस नालायक को अभी जवाब दे दूं। पर करें क्या नाक—कान का भी तो डर था। वकील साहब ने उसको भगाने की अनेक धुने बांधी। पर छकौड़ी भी एक ही था। इनका कोई भी कानून काम में न आया। वकील साहब ने उससे क्षमा मांगी और कहा—अब मैं किसी की बुराई नहीं करूंगा। छकौड़ी भी उसके नाक कान की रिहाई देकर चला गया।

बुरा न देखिए आंख से, बुरा न सुनिये कान से।
बुरा काम नहीं कीजिए, बुरी न कहिये जबान से।

कहानी—

"लाला पकौड़ीमल"

(लेखक—अनवार अनसारी देहली)

लाला पकौड़ीमल चटपट गांव के वकील थे। पहिले दर्जे के कंजूस थे। कानी कौड़ी खर्च करना भी उनके लिए हराम था। भाग्य से कोई मुवक्किल हाथ आ जाता तो वे उससे दमड़ी दमड़ी तक का हिसाब लेते थे। सत्य का तो कहना ही क्या विधाता ने उनकी दीनता पर दया कर एक विशेष प्रकार की रेखा खींच दी थी कि सत्य बोलने का उनको अवकाश ही न मिले। धूर्तता की पदवी भी आपने अपने अनवरत परिश्रम से प्राप्त कर ली थी।

कहा जाता है कि हर महीने वह अपने नौकरों को बदला करता था। महीना बीतने पर जब नौकर अपने वेतन के लिए कहता तो लाला जी आज-कल परसों करते हफ्तों घसीट ले जाते—और दो बार मांगने पर डिसमिस का परवाना दे डालते। और वेतन की जगह चोर, बदमाश, नमकहराम कह कर अपने यहां से अलग कर देते। इन्हीं सब गुणों के प्रताप से वकील साहेब के यहां हमेशा नौकरी की जगह खाली ही रहती थी।

एक दिन की बात है कि छकौड़ीमल नामक एक चतुर नौकर उनके यहां नौकरी के लिए आया। वकील साहब ने अपनी शर्तें सुनाई कि यदि तुम नौकरी छोड़ दोगे तो तुम्हें वेतन न दिया जायगा। छकौड़ी ने भी उनसे एक शर्त ले ली कि यदि आप जबाब देंगे तो मैं आपका नाक, कान काट लूंगा। वकील साहब ने यह सोच कर कि मैं वकील हूँ समय आने पर कोई-न-कोई दाव-पेंच निकाल ही लूंगा। वकील साहेब ने छकौड़ीमल की शर्तें मंजूर कर लीं। छकौड़ी ने वकील साहब से कहा कि जो-जो कार्य मुझे करना होगा अनहें कागज पर लिखकर हुजूर मुझे दे दें, मैं बराबर उसी के अनुसार उन्हें पूरा किया करूँगा।

एक दिन की बात है वकील साहब घोड़े पर सवार होकर बाजार जा रहे थे। सामने से एक बारात आ पहुँची। घोड़ा बाजे की आवाज़ सुनकर भिड़का। फिर क्या था वकील साहब धड़ाम से गिर पड़े। छकौड़ी भी वहां मौजूद था। लोगों ने वकील साहब को उठाया। वकील साहब का गर्मी का पारा चढ़ गया। छकौड़ी से पूछा—नालायक, तुमने मुझको उठाया क्यों नहीं? छकौड़ी ने झट कागज निकाल कर कहा—इसपर तो उठाने की

५. संघ और राज्यों के संबंध

हमने तुम्हें बताया है कि संघ और राज्यों के काम अलग अलग हैं और संविधान में उसकी अलग अलग सूचियां दी गई हैं। वे एक दूसरे के काम में दखल नहीं दे सकते। इस प्रकार उनका काम चलाने के लिये धन का अलग अलग प्रबंध कर दिया गया है। तुम जानते हो कि सरकार कर या टेक्स लगा कर धन इकट्ठा करती है। संविधान में लिखा है कि संघ सरकार आय पर कर या इन्कमटेक्स लगा सकती है और विदेशों से आने वाले माल पर कर या सीमित शुल्क लगा सकती है। वह भारत के बनने वाले माल पर उत्पादन कर भी लगा सकती है। यह सब कर के साधन संघ सूची में दिये हुये हैं।

उधर राज्य सरकार को ज़मीन पर कर या लगान लगाने का अधिकार है, शराब आदि पर कर लगाने का अधिकार है। इन सब करों का वर्णन राज्य सूची में है।

अब यह प्रश्न उठता है, कि यदि संघ सूची और राज्य सूची के किसी मामले पर राज्य सरकार और संघ सरकार में विवाद हो जाये तब क्या हो? मानलो कि कोई राज्य सरकार किसी चीज़ पर कर लगा दे और भारत सरकार कहे कि उस पर कर लगाने का अधिकार नहीं है क्यों कि वह संविधान की राज्य सूची में नहीं है तब कौन फैसला करेगा।

राज्यों और संघों सरकार के बीच विवादों का फैसला उच्चतम न्यायालय करता है क्यों कि वही संविधान का रक्षक है। इसी प्रकार दो राज्यों में विचार होने पर भी उच्चतम न्यायालय ही उनका निर्णय करता है।



संविधान सीरीज का तीसरा लेख

राज्यों की सरकारें

[पिछले अंक का शेष]

४. विधान परिषदें—

तुम ने पढ़ा है कि केन्द्र में लोक सभा के अतिरिक्त एक राज्य परिषद् भी होती है जो कानूनों को दोहराती है। क्या राज्यों में भी ऐसा दूसरा सदन होता है? हाँ, कुछ राज्यों ने अपने यहां दूसरा सदन रखा है, पर सब राज्यों ने नहीं रखा। उस दूसरे सदन को विधान परिषद कहते हैं। जो राज्य चाहे वह संसद् से प्रार्थना करके अपने यहां राज्य परिषद बनवा सकता है, और जो राज्य चाहे वह विधान परिषद को हटवा भी सकता है। यह सब वहां की विधान सभा पर निर्भर है। इस समय नीचे लिखे राज्यों में विधान परिषदें हैं।

१. उत्तर प्रदेश २. मद्रास ३. बम्बई ४. बिहार ५. पंजाब ६. मैसूर ७. पश्चिमी बंगाल।

विधान परिषद छोटी सभा होती है। प्रायः वह विधान सभा के चौथाई से भी कम होती है पर उसमें चालीस (४०) से कम सदस्य नहीं होते। उत्तर प्रदेश, मद्रास, बिहार और बम्बई इनमें से प्रत्येक के विधान परिषदों में ७२ सदस्य होते हैं, पश्चिमी बंगाल की विधान परिषद में ५१ सदस्य हैं तथा पंजाब और मैसूर की परिषदों में ४० सदस्य हैं।

विधान परिषद के सदस्य कैसे चुने जाते हैं। उन्हें चुनने के लिये प्रत्येक २१ वर्ष का नागरिक मत नहीं देता। उनके सदस्यों को नगर पालिका और शिक्षा संस्थाएँ आदि चुनती हैं। विधान परिषद पाँच वर्ष बाद विघटित भी नहीं होती है। उसके एक तिहाई सदस्य हर दूसरे वर्ष बदल दिये जाते हैं।

जिन राज्यों में विधान परिषद होती है, वहां सारे कानून दोनों सदनों की मंजूरी से पास होते हैं पर विधान परिषद किसी कानून को पास न करे और विधान सभा उसे दो बार पास करदे तो वह पास समझा जाता है और अधिनियम बन जाता है। इस प्रकार विधान सभा की ही प्रधानता है क्यों कि वह जनता द्वारा चुना हुआ सदन होता है। उसकी मंजूरी के बिना मन्त्री धन खर्च नहीं कर सकते और कर नहीं लगा सकते।

मेरा झण्डा

लाल किले पर लहराता है,
झंडा मेरा फहराता है।

फहराता है निर्भय हो अब,
नित चक्र लिये बलखाता है।
आँधी पानी तूफानों से,
यह नहीं कभी भय खाता है।

सुख शान्ति प्रतीक कहाता है,
झण्डा मेरा लहराता है।

प्रिय बापू की अमर देन है,
वीर 'जवाहर' का प्यारा है।
सेना पति 'नेता सुभाष' का,
यह झण्डा रहा दुलारा है।

इस पर 'पटेल' बलि जाता है,
झण्डा मेरा बल खाता है।

'राजा' कहते हो प्राण तुम्हीं,
'राजेन्द्र' नित्य पूजा करते
हैं 'पन्त' रीझते नित इस पर,
कुछ जयप्रकाश भी बल भरते।

त्रिभुवन तक सीस नवाता है
झण्डा मेरा लहराता है।

—अम्बर

प्याम तालीम

सचित्र मासिक [उर्दू-हिन्दी]

बाल पत्रिका

सितम्बर १९५०, जामिआ नगर, दिल्ली

सम्पादक की ओर से

प्याम तालीम का सम्पादक मंडल 'स्वतंत्रता दिवस' के शुभ अवसर पर अपने बालसमाज के सब साथिओं, लेखकों, तथा शुभचिंतकों को हार्दिक बधाई देता है, तथा अपनी शुभ कामनाएं भेजता है। और आशा करता है कि प्याम तालीम की उन्नति में हमारे समस्त सथी अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।


संविधान सीरीज के तीसरे लेख 'राज्यों की सरकारें' का शेष और 'बालक की वीरता' कहानी का शेष इस अंक में दिया जा रहा है। पाठक पढ़ते समय पिछले अंक की सहायता भी लें।

इस अंक में एक और कहानी 'लाला पकौड़ी मल' नाम से दी जा रही है। कहानी बड़ी चटपटी है। उर्दू से इसका अनुवाद किया गया है। पाठक इसे अवश्य पढ़ें।

* * *

प्याम तालीम का उद्देश्य हर प्रकार से बाल समाज को प्रोत्साहित करना है। यही कारण है कि इस पत्रिका में अधिकता बालकों द्वारा लिखी हुई अपनी सामग्री की ही होती है।

होसकता है कि ऐसा करने में हमारे कुछ साथी सहमत न हों पर फिर भी उन्हें यह मानना होगा कि यदि वे निस्वार्थ भाव से आज के बालक की मानसिक कमज़ोरी को दूर करना चाहते हैं तो प्रारंभ से ही बालक को अपनी रुचि के अनुसार हमें उसके लिये क्षेत्र खोलना जरूरी हो जाता है। इसी बात को सामने रख कर आज प्याम तालीम पनप रहा है, और जीवित रहने की सांस ले रहा है।







हमारा आज का जवाहर


म
ता
ली
म

सितम्ब
१९५०

एक प्रति
(=)
वार्षिक
५)


4 OCT 1950




کی پریڈ! صبح ہی صبح

جلد ۲۴ نمبر ۶

پیامِ تعلیم

فہرست مضامین

چندہ

سالانہ	للعہ ۴ روپے
ششماہی	عہ ۲ روپے
فی پرچہ	۶ر

پرنٹر پبلشر محمد حسین حسان

بچوں سے باتیں

اپنے پیاریوں کو باسی عید کی ہم مبارک باد کیا دیں خدا کرے یہ عید تم نے خوب ہنسی خوشی گزاری ہو۔

برسات کا موسم ہمارے ہاں بہار کا موسم سمجھا جاتا ہے سخت گرمی سخت دھوپ اور لو کے بعد جونہی مینہ کا ایک چھینٹا پڑا کیا انسان کیا حیوان کیا چرند کیا پرند سب میں جان آ گئی۔ چڑیاں چہچہانے لگیں۔ مینڈکوں نے ٹرانا شروع کیا نباتات نے بھی انگڑائی لی اپنا سر زمین سے نکالا۔ درختوں نے نہا دھو کر سبز جوڑا پہن لیا۔ ہر طرف سبزہ ہی سبزہ اور جنگل میں منگل

پر اب کی یہ برسات اپنے ساتھ خزاں بھی لائی کیسی کچھ خزاں! بہار میں سینکڑوں گاؤں سیلاب سے تباہ ہو گئے یوپی میں بھی کم و بیش یہی کیفیت ہوئی۔ آخر میں پنجاب کا نمبر آیا۔ پانچ دریاؤں نے آفت ڈھا دی۔ لاہور میں تو دریائے راوی نے طوفان نوح کی طرح لوگوں کو اچانک آ گھیرا۔ جالندھر کے دیہاتوں میں ساٹھ فی صدی مکان گر گئے یا انہیں نقصان پہنچا۔ دوسرے ضلعوں میں بھی بڑی تباہی ہوئی۔ فصلوں کے نقصان کا تو کچھ اندازہ ہی نہیں۔

پھر آسام کا زلزلہ۔ اُف توبہ۔ زمین کا نقشہ ہی بدل گیا۔ دریاؤں کے رخ پھر گئے۔ پہاڑوں کی چوٹیاں ٹوٹ ٹوٹ کر نیچے آ رہیں۔ دریائے برہم پتر میں سیلاب آ گیا نہ جانے کتنے گاؤں ڈوب گئے نقصان کا اندازہ کیا پوچھتے ہو۔

ہمیں ان سیلاب کے اور زلزلہ کے ستائے ہوئے تمام بھائیوں سے دلی ہمدردی۔ خدا انہیں ان مصیبتوں کو ہنسی خوشی برداشت کرنے کی ہمت دے۔

آسام کے زلزلے پر ہم نے خاص طور پر مضمون لکھوایا تھا۔ افسوس ہے کہ دیر میں ملا۔ اگلے پرچے میں پڑھنا بہت دلچسپ ہے۔

اچھا اب رخصت!

ایک طبیبہ

نعیم الرحمٰن سہارنپور

چاروں طرف پانی ہی پانی۔ گاؤں کے گاؤں برباد ہو گئے۔ باپ بیٹے سے بچھڑ گیا، بہن بھائی سے۔ رہنے کو پیڑ کا سایہ تک نہ ملتا تھا۔ بھوک اور بیماری سے سینکڑوں آدمی تباہ ہو گئے تھے۔ ان کی دکھ بھری پکار باہر بھی پہنچی۔ اور انھیں مدد پہنچانے کی تیاریاں ہونے لگیں۔

اسٹیشن کے پلیٹ فارم پر۔ ناک پر سنہرے فریم کا چشمہ۔ بدن پر ریشمی کرتا۔ ہاتھ میں چاندی کی موٹھ کی چھڑی۔ ان سے خاص مدد کی امید میں ہم ان کی طرف بڑھے۔

"سیلاب سے اس سال کتنا بڑا نقصان ہوا ہے۔ یہ تو شاید آپ کو معلوم ہی ہے۔ ان دکھیاروں کی مدد کے لئے ہم آپ سے درخواست کرنے آئے ہیں۔"

"کیسی مدد! آپ ہیں کون؟" بھویں چڑھاتے ہوئے لاپرواہی سے انھوں نے پوچھا۔

"ہم لوگ طالب علم ہیں۔ سیلاب زدہ لوگوں کی مدد کرنے کے لئے آئے ہیں۔ چندہ اکٹھا کر رہے ہیں"

"خوب آپ کالج میں پڑھنے آئے ہیں یا بیکار باتوں میں اپنا وقت برباد کرنے۔ آپ کو ان جھگڑوں سے کیا مطلب؟"

"اس مصیبت کے وقت اگر ہم آپ کچھ پیسے اکٹھے کر کے مصیبت زدہ لوگوں کی مدد کریں تو اس سے بڑھ کر ہمارے لئے خوش قسمتی کی کیا بات ہے"

"ناک میں دم کر رکھا ہے صاحب ان چندے والوں نے بھی۔ روزانہ چندے والوں کا تانتا بندھا رہتا ہے۔ جائیے کچھ دیں اور کچھ نہ دیں پھر اسٹیشن بھی کوئی چندہ مانگنے کی جگہ ہے۔ سفر میں کوئی خزانہ لے کر تو چلتا نہیں" وہ بولے اور ہٹ کر ایک پھل والے سے مول تول کرنے لگے۔

ہم ایک تیسرے درجے کے ڈبے میں داخل ہو گئے۔ بھائیو اس سال سیلاب سے جتنا زبردست نقصان ہوا ہے آپ کو معلوم ہی ہے سینکڑوں جانیں چلی گئیں۔ ہزاروں بے

گھر بے در ہو گئے۔ بھوک نے بیماری نے اور موت نے انہیں گھیر رکھا ہے۔ ایسی حالت میں ہم آپ سے مدد ملنے کی امید میں آپ کے پاس آئے ہیں"

ایک دبلا پتلا غریب آدمی جس کے جسم پر ایسے چیتھڑے پہنے ہوئے تھے جن کو کوڑے پھینکنے میں بھی شرم محسوس ہوتی تھی۔ ایک کونے میں بیٹھا تھا۔ ہم نے دیکھا کہ اس کی دھندلاتی آنکھوں میں ایک دم چمک پیدا ہو گئی۔ اور جیسے خدا نے اس کی آنکھوں میں رحم بھر دیا ہو۔

ہم نے اس سے مانگنا مناسب نہ سمجھا اور آگے بڑھے۔ مگر اس نے ہمیں روکا اور اپنی پھٹی دھوتی سے ایک پیسہ بڑی محبت سے ہمیں دیا اور ایک عجیب انداز سے ہمارے آگے ہاتھ جوڑے۔ اس کے پاس شائد یہی آخری پیسہ تھا۔ مگر اس ایک پیسے میں ایک غریب کی روح چھپی ہوئی تھی۔

(ہندی کا ترجمہ)

اِدھر اُدھر سے

کہتے ہیں، روسیوں نے ایسی مشین گن ایجاد کی ہے جو ریڈیو سے چلا کرے گی۔ اسے کسی محفوظ جگہ نصب کرنے کے بعد ریڈیو یا بجلی کے ذریعے سینکڑوں گز کے فاصلے سے چلایا جا سکتا ہے۔

کیپ ٹاؤن کے قریب ایک آدمی ایک ٹیکا لگوانے کے بعد ہر چیز دوہری نظر آنے لگی ہے۔ اگر وہ صحیح طور پر کچھ دیکھنا چاہے تو اسے اپنی ایک آنکھ بند کرنا پڑتی ہے۔

ایک مزدور اپنے گھر میں سو رہا تھا۔ منھ کھلا ہوا تھا۔ اچانک چونک اٹھا۔ اور اس کے منھ میں ایک چھوٹا سانپ گھس گیا تھا۔ مزدور نے اسے پکڑنا چاہا۔ مگر سانپ کو حلق کا سوراخ نظر آ گیا تھا۔ وہ اس میں اطمنان سے گھس گیا۔

پنڈت جواہر لال نہرو کی کوٹھی کے میدان میں جو گیہوں بویا گیا تھا۔ اس کا تجربہ بہت کامیاب رہا۔ ۴۴ من فی ایکڑ کے حساب سے گیہوں پیدا ہوا۔

قسطُنطُنیہ میں

خورشید جمال قدوائی

اِس سے پہلے میں اپنے پیامیوں کے لئے دہلی سے قسطنطنیہ تک کا مختصر حال لکھ چکا ہوں۔ آج قسطنطنیہ کا کچھ حال اور سنئے۔ سب سے پہلے میں فلوریا بیچ کا کچھ حال سناتا ہوں۔ میں وہاں پکنک کے لئے گیا تھا۔ صبح گیا شام کو گھر واپس آگیا۔ یہ میرے گھر سے کوئی بارہ چودہ میل ہے۔ بڑی خوب صورت جگہ ہے۔ سمندر کے بیچ میں جزیرے پر سمندر کے کنارے ایک خوبصورت ریستوران بنایا ہے۔ یہاں لوگ دن کو کھانا کھاتے ہیں شام کو چائے پیتے ہیں۔ چائے اور کافی یہاں بغیر دودھ کے پی جاتی ہے۔ کہتے ہیں فلوریا دنیا میں سب سے اچھا بیچ ہے۔

میں ایک روز بیچ دیکھنے گیا تھا۔ ثریا بیچ مگر یہاں کوئی خاص بات نہیں۔ فلوریا میں کنکر پتھر بالکل نہیں۔ ثریا پلاج میں ہیں یہاں چار جزیرے ہیں۔ ہم صرف دو میں جا سکا ہوں۔ پہلے میں اور آخری میں پہلے کا نام ہیلی ادا ——— دوسرے کا بیوک ادا ——— ہے۔ پہلا تو بس یونہی ہے ہاں بیوک ادا بہت اچھا ہے۔ لوگ تو کہتے ہیں سب سے اچھا ہے۔ بیوک ادا میں ایک کلب بھی ہے۔ جس کا کوئی چندہ نہیں۔ ہر جزیرے میں نہانے کے لئے بیچ ہے۔ سیلانی یہاں خوب نہاتے ہیں۔ مگر پتھر بہت ہیں۔ ہاتھ پیر کٹ جاتے ہیں۔ میں تو جہاں گیا ہاتھ پیر کاٹ لئے۔ کیا فلوریا کیا ثریا پلاج۔ فلوریا میں پتھر نہیں وہاں شیشے سے کٹ گیا۔ شیشہ ریت پر تھا۔ میری نظر نہیں پڑی۔ فلوریا کے اس طرف ریت ہی ہے۔

یہاں ایک اور مقام ہے۔ گیک ستو اپنی ہندوستانی زبان یا اردو میں اس کا ترجمہ "چھوٹا پانی" انگریزی میں اسے سویٹ واٹر بھی کہتے ہیں۔ یہاں ایشیا سے ایک نہر آتی ہے جہاں میں ٹھہرا ہوا ہوں۔ اس کا نام تقسیم ہے

قریب ہی ایک پارک ہے۔ اسے تقسیم پارک کہتے ہیں لوگ یہاں دو دو بجے رات تک بیٹھے رہتے ہیں۔

یہاں دو سمندر ملتے ہیں باسفورس اور مرمرا مرمرا کا پانی نہ گرم ہے۔ نہ ٹھنڈا درمیانی ہے یہاں باسفورس کا پانی برف کی طرح ٹھنڈا ہے مرمرا بہت ساکن ہے جیسے ہمارے تالاب کا پانی۔ باسفورس میں ہر وقت لہریں اٹھتی رہتی ہیں فلوریا، ثریا، پلاج اور چار جزیرے سب مرمرا میں ہیں۔

میں یہاں ایک گاؤں دیکھنے بھی گیا تھا۔ وا واہ کیسا اچھا کیسا صاف ستھرا جیسے نینی تال میں پہنچ گئے پر جب اپنے ہاں کے گاؤں کی گندگی کا خیال تو ایسی شرم آئی کہ بس کچھ نہ پوچھئے۔

یہاں سواریوں کا بھی اچھا انتظام ہے موٹر بسیں، ٹرام، پانی جہاز، نابوٹ، بسیں اور موٹریں تو ہندوستان یا دلی جیسی۔ مگر ٹرام ہندوستان، کم سے کم دلی کی ٹرام سے بہت زیادہ آرام دہ سارے شہر میں ان کا جال سا بچھا ہے۔ سب سے قابلِ ذکر جہاز نما کشتیاں ہیں۔ کچھ تو ایسی ہیں جن میں صرف آدمی ہی بیٹھتے ہیں۔ کچھ ایسی بھی ہیں جن میں موٹر رکھ کر اس پار سے اس پار لے جاتے ہیں یہاں پل نہیں ہیں۔

مکان یہاں کے سات سات منزل کے بعض بعض مکانوں میں لفٹ لگے ہیں۔ سب میں نہیں یہ مکان باہر سے کچھ ایسے خوشنما نہیں معلوم ہوتے۔ مگر اندر بہت اچھے اور خوب صاف ستھرے

یہاں فرنیچر کے ساتھ ریڈیو تو ضرور ملتا ہے کہیں کہیں پیانو اور گراموفون بھی۔ اچھا اب رخصت۔

باقی اگلی دفعہ۔

پیارے پیام تعلیم کا پیامی
خورشید جمال قدوائی

وقت کی قدر

خلیل محمودی

تم کو بہت سے کام ہیں کرنے — علم سے خالی جام ہیں بھرنے
بگڑے ہوئے ہیں کام سنورنے — کرنے بند ہیں جہل کے جھرنے
دیکھو گے کب تک عیش کے سپنے
قدر کرو تم وقت کی اپنے

اٹھو اٹھ کر مکتب جاؤ — قصے مزے کے پڑھو پڑھاؤ
خود بھی ہنسو اور سب کو ہنساؤ — یعنی کسی کا دل نہ دکھاؤ
دیکھو گے کب تک عیش کے سپنے
قدر کرو تم وقت کی اپنے

سیکھو نہ ہرگز مکر کی گھاتیں — چین سے کاٹو دن اور راتیں
جائیں خودی کی تم سے باتیں — حاصل علم کی ہوں سوغاتیں
دیکھو گے کب تک عیش کے سپنے
قدر کرو تم وقت کی اپنے

بھولو اب تم گیا زمانہ	حال سے اپنا دِل بہلانا
عاقل دنیا میں کہلانا	بھولے سبق کو پھر دہرانا
دیکھو گے کب تک عیش کے سپنے
قدر کرو تم وقت کی اپنے

مانگو رب سے تم یہ دعائیں	دور حکومت سے ہوں بلائیں
شائق علم سے حصہ پائیں	محنت کا اپنی پھل کھائیں
دیکھو گے کب تک عیش کے سپنے
قدر کرو تم وقت کی اپنے

جاہل ہونا بُری بلا ہے	عِلم ہی کی دولت کو بقا ہے
دینے والا سب کو خدا ہے	یہی خلیل اِک راہِ رضا ہے
دیکھو گے کب تک عیش کے سپنے
قدر کرو تم وقت کی اپنے

حسنہ کی مُرغی

ماسٹر محمود الحسن

حسنہ مُرغی پر ہاتھ پھیرتی وہ دم سادھ لیتی اور گود میں بیٹھی رہتی۔ جب ذرا موقع ملتا۔ تو بھاگ جاتی۔ پھر حسنہ پکڑنے جاتی تو ہاتھ ہی نہ آتی۔ حسنہ بھاگتے بھاگتے ہانپ جاتی۔ مُرغی پاس آکر چڑاتی "بس پکڑ لیا! بڑی آئیں پکڑنے والی" تو جب سورج چھُپ جاتا اور اندھیرا سا ہو جاتا تو حسنہ اس کو دربہ میں بند کرنے جاتی پھر بھی وہ ادھر اُدھر بھاگتی محض حسنہ کے چھیڑنے کے لئے۔ جب حسنہ پریشان ہو جاتی تو کہتی "نیت بند ہو! میری بلا سے، بلّی آئے گی تو کمبخت تجھے ہی لے جائے گی" مُرغی حسنہ کی بات سمجھ جاتی اور پھر ادھر اُدھر دیکھ کر کہ کہیں بلّی بیٹھی تو نہیں ہے۔ آہستہ آہستہ دربے میں چلی جاتی۔ حسنہ دروازہ بند کر دیتی۔ اور اس طرح رات بسر ہو جاتی۔ صبح سویرے حسنہ جاکر دربہ کھولتی۔ تو مُرغی کا جی خوش ہو جاتا۔ نکلتے ہی کبھی ادھر بھاگتی کبھی اُدھر، بیٹ کرتی پیر پھیلاتی۔ پروں کو تناتی، باورچی خانے کی طرف بھاگتی کہ حسنہ لاؤ مجھے دانے کھلاؤ، روٹی کھلاؤ، رات کی باسی بھوک لگی ہے۔ جب تک حسنہ لاتی وہ نیم کے دو چار کیڑے ہی کھاتی۔ پھر جلدی جلدی دانے کھا، پانی پی اور نیم کی ایک ٹہنی پر جا بیٹھتی۔ کہ حسنہ لو اب پکڑ لو نا میں۔ نیم کی ٹہنی پر سے وہ دُور دُور کے کھیت دیکھتی۔ ہرے بھرے باغ اور جنگل دکھائی دیتے۔ بادل کو دیکھتی سوچتی کہ یہ اللہ میاں کی چادر ہے۔ دُور تک تنی ہوئی ہے۔

جب وہ انڈے دینے کو ہوتی تو کونوں میں چھپتی پھرتی کہ کوئی دیکھ نہ لے اور انڈا چرا نہ لے۔ حسنہ پکڑتی تو مرغی کرتی غیں غیں پیٹ پیٹ حسنہ یہ کیا کر رہی ہو مجھے نہ پکڑو۔ میں انڈا دینے جا رہی ہوں۔ حسنہ اس کو پکڑ کر دربے میں بند کر دیتی۔ اگر حسنہ دربے میں جھانکتی تو مرغی پھر کہتی ہیں ہیں حسنہ ادھر مت دیکھو پھر وہ پر پھیلا لیتی۔ انڈا دے چکتی تو کڑکڑاتی۔ حسنہ جاکر دربہ کھولتی تو یہ کڑکڑاتی ہوئی نکلتی کٹ کٹ کٹاک حسنہ اٹھا لو انڈا کٹ کٹ کٹاک اچھی حسنہ اٹھا لو جلدی کٹ کٹ

کٹاک حسنہ کوئی اٹھائے گا! اگر حسنہ کو انڈا اٹھانے میں دیر لگتی تو مرغی غصہ میں کٹ کٹ کٹاک کٹ کٹ کٹاک کہتی ہوئی باہر چلی جاتی کہ مت اٹھاؤ حسنہ میری بلا سے۔ کوئی اٹھائے گا پھر مت کہنا میری مرغی انڈے نہیں دیتی۔ لو میں یہ چلی چاہے اٹھاؤ، چاہے مت اٹھاؤ

حسنہ انڈا اٹھاتی سفید سفید گرم گرم بڑا سا حسنہ آپا سے کہتی۔ آپا! مرغی نے انڈا دے دیا۔ چھینکے پر رکھ آؤں۔ آپا کہتی نہیں! حسنہ تم پھوڑ دو گی۔ آٹے کی ڈولیا میں رکھ آؤ۔ تھوڑی دیر میں مرغی پھر پھرا کر پھر حسنہ کے پاس آتی کہتی حسنہ! اب ہمیں دانہ ڈالو۔ حسنہ ایک مٹھی دانہ ڈالتی مرغی کھاتی اور خوش ہوتی

تھوڑے دنوں بعد حسنہ کی آپا نے کہا۔ لاؤ اس مرغی کے نیچے بچے نکلوائیں کوئی بیس انڈے جمع کر لئے تھے۔ انڈے اچھے تھے پہلے نرم نرم گھاس رکھی اس پر انڈے پھر انڈوں پر مرغی کو بٹھایا مرغی نے پر پھیلا کر انڈوں کو چھپا لیا۔ اس کو انڈے سینا کہتے ہیں۔ اوپر سے بڑا سا چھبڑا رکھ دیا۔ اندھیرا ہو گیا۔ اب مرغی باہر نہ نکلتی نہ ادھر ادھر چلتی پھرتی۔ ایک دو دن میں جب اسے بھوک لگتی تو غیں غیں کرتی یا ٹاپے میں چونچیں مارتی۔ حسنہ کی آپا اسے باہر نکالتیں۔ دانہ ڈالتیں۔ حسنہ پانی رکھتی وہ پھولی پھولی سی نکلتی دانہ کھاتی پانی پیتی اگر حسنہ اس کو پکڑنا چاہتی تو وہ غیں غیں بڑی زور سے کرتی کہ حسنہ مجھے مت چھیڑو۔ میرا جی ماندہ ہے۔ حسنہ مرغی کو پھر ٹاپے میں بند کر دیتی اور پھر وہ انڈوں کو چھپا کر بیٹھ جاتی

کوئی اکیس دن کے بعد انڈے چٹ چٹ پھوٹے پڑے ننھے ننھے خوبصورت پیارے پیارے بچے اس میں سے نکلے ذرا ذرا سا روان روئی سے زیادہ نرم چوں چوں کرتے۔ مرغی کا جی خوش ہو جاتا حسنہ اگر ٹاپے کو اٹھاتی تو مرغی غیں غیں کرتی۔ حسنہ ٹاپا مت اٹھاؤ۔ میرے بچوں کو نظر لگ جائے گی یا کوئی دشمن بیری دیکھ لے گا۔ حسنہ مان جاؤ! میرے بچوں کو تم پکڑو گی تو ان کو تکلیف ہوگی۔ حسنہ ٹاپا بند کر دیتی۔ سولہ بچے نکل آئے۔ تو خوشی کی کیا بات؟ اور انڈوں کو اٹھا اور کان کے پاس رکھا۔ تو کسی قسم کی آواز ہی نہ آئی۔ حسنہ کی آپا نے کہا یہ انڈے گندے ہو گئے ان کو باہر پھینک آؤ۔ جب حسنہ نے ان کو باہر جا کر پھینکا تو سچ مچ ان میں بچے نہ تھے۔ بس پانی پانی سا نکلا۔ ہاں ایک انڈے میں ضرور ایک منا سا ادھ بنا بچہ نکلا۔ حسنہ نے کہا آپا دیکھو! اس میں سے ابھی ایک چھوٹا سا منا بچہ نکلا حسنہ کی آپا نے کہا۔ ہائے یہ گندا نہ تھا۔

باقی

ہماری سرکار

ودھان پریشدیں

مدن موہن گپت

تم نے پڑھا ہے کہ بھارت سرکار میں لوک سبھا کے علاوہ راجیہ پریشد بھی ہوتی ہے۔ جو قانونوں کو دہراتی ہے۔ کیا راجیوں میں بھی ایسا دوسرا ایوان ہوتا ہے؟

ہاں کچھ راجیوں نے اپنے ہاں دوسرا ایوان رکھا ہے۔ مگر سارے راجیوں نے نہیں رکھا

اس دوسرے ایوان کو ودھان پریشد کہتے ہیں۔ جو راجیہ چاہیں وہ سنسد یا ودھان پریشد سے کہہ کر اپنے ہاں راجیہ پریشد بنوا سکتے ہیں یہ سب وہاں کی ودھان سبھا کی مرضی پر ہے۔ اس وقت نیچے لکھے ہوئے راجیوں میں ودھان پریشدیں ہیں۔

۱۔ اتر پردیش
۲۔ مدراس
۳۔ بمبئی
۴۔ بہار
۵۔ پنجاب
۶۔ میسور
۷۔ پچھمی بنگال

ودھان پریشد چھوٹا ایوان ہوتا ہے۔ اکثر تو وہ ودھان سبھا سے چوتھائی سے بھی کم ہوتا ہے۔ مگر اس کے ممبر ۴۰ سے کم نہیں ہوتے اتر پردیش، مدراس، بہار اور بمبئی۔ ان میں سے ہر ایک کی ودھان پریشد میں ۷۲ ممبر ہیں۔ پچھمی بنگال کے ودھان پریشد میں ۵۱ اور پنجاب اور میسور کی پریشدوں میں چالیس چالیس ممبر ہیں۔

ودھان پریشد کے ممبر کیسے چنے جاتے ہیں؟ انہیں چننے کے لئے ۲۱ برس کا ہر ایک شخص ووٹ نہیں دیتا۔ ان کے ممبر میونسپل کمیٹیاں اور تعلیمی ادارے وغیرہ چنتے ہیں۔

ودھان پریشد پانچ برس بعد نہیں ٹوٹتی

مگر اس کے ایک تہائی ممبر ہر دوسرے برس کے ختم ہونے پر بدل دئے جاتے ہیں جن راجیوں میں ودھان پریشد ہوتی ہے وہاں سارے قانون دونو ایوانوں کی منظوری سے پاس ہوتے ہیں۔ لیکن اگر ودھان پریشد کسی قانون کو پاس نہ کرے اور ودھان سبھا اسے دوبارا پاس کر دے تو وہ پاس سمجھا جاتا ہے اور لاگو ہو جاتا ہے۔ اس طرح ودھان سبھا کے ہاتھ میں ہی زیادہ طاقت ہے۔ کیوں کہ وہ جنتا کا چنا ہوا ایوان ہوتا ہے۔ اس کی منظوری کے بغیر روپیہ پیسہ خرچ نہیں کر سکتے۔

راجیہ پال یا راج پرمکھ اور ودھان سبھا اور ودھان پریشد ان تینوں کو ملا کر ودھان منڈل کہتے ہیں۔ جہاں ودھان پریشد نہیں ہوتی وہاں ودھان منڈل میں صرف ودھان سبھا اور راجیہ پال یا راجیہ پرمکھ ہوتے ہیں۔

(۵) سنگھ اور راجیوں کا تعلق۔

ہم نے تمہیں بتایا ہے کہ سنگھ اور راجیوں کے کام الگ الگ ہیں۔ اور سموِدھان میں ان کی الگ الگ فہرستیں بھی دی ہوئی ہیں۔ وہ ایک دوسرے کے کام میں دخل نہیں دے سکتے۔ اسی طرح اس کا کام چلانے میں روپے پیسے کا بھی الگ الگ انتظام کر دیا گیا ہے۔ تم جانتے ہو کہ سرکار ٹیکس لگا کر دھن اکٹھا کرتی ہے۔ سموِدھان (دستور) میں لکھا ہوا ہے کہ سرکار انکم ٹیکس یعنی آمدنی پر ٹیکس لگا سکتی ہے۔ اور دیسوں سے آنے والے مال پر بھی ٹیکس لگا سکتی ہے۔ بھارت میں بننے والے مال پر بھی ٹیکس لگا سکتی ہے۔ ٹیکس کے یہ سب ذریعے سنگھ کے کاموں کی فہرست میں دئے ہوئے ہیں

اِدھر راجیہ کی سرکار کو زمین پر لگان لگانے کا حق ہے۔ شراب وغیرہ پر ٹیکس لگانے کا حق ہے۔ یہ سب ٹیکس راجیہ کے کاموں کی فہرست میں دئے ہوئے ہیں

اب یہ سوال اٹھتا ہے۔ کہ اگر سنگھ کی فہرست اور راجیوں کی فہرست کے کسی معاملے پر راجیہ کی سرکار اور سنگھ سرکار میں جھگڑا ہو جائے تب کیا ہو؟

فرض کیا کوئی راجیہ سرکار کسی چیز پر ٹیکس لگا دے اور بھارت سرکار یہ کہے کہ اُسے اس چیز پر ٹیکس لگانے کا حق نہیں کیونکہ وہ راجیہ کی فہرست میں ہے۔ تب کون فیصلہ کرے گا؟

ہم شائد شروع میں تمہیں بتا چکے ہیں کہ بھارت

یعنی سپریم کورٹ ہے۔ جو دیس کی سب سے بڑی عدالت ہے۔ وہی سمودھان (دستور) کی حفاظت کرتی ہے۔ راجیوں کی سرکاریں اور سنگھ سرکار کے بیچ کے جھگڑوں کا بھی وہی فیصلہ کرتی ہے اسی طرح دو راجیوں میں آپس میں جھگڑا ہونے پر بھی وہی عدالت اس کا فیصلہ کرتی ہے

سپریم کورٹ کے ججوں کو راشٹرپتی مقرر کرتا ہے۔ مگر وہ انھیں ہٹا نہیں سکتا۔

بچوں کی برادری

۳۱ جولائی ۱۹۵۰ء کو ساڑھے چار بجے شام جناب عبدالوہاب نشتر صاحب کی صدارت میں "وائٹ ہاؤس" میں ہم ممبروں کی ایک جنرل میٹنگ ہوئی۔ اس میٹنگ میں برادری کے تمام ممبر شریک تھے۔ صدر صاحب نے پہلے "پیام برادری" سے ہم لوگوں کا تعارف کرایا اور برادری کی شاخ قائم کرنے کی تجویز پیش کی جس کو تمام حاضرین نے بڑی خوشی سے منظور کیا ساتھ ہی ساتھ برادری کے قواعد پر بھی ایک ہلکی سی روشنی ڈالی۔ اس برادری کے بڑھانے کے لئے فوراً ایک کمیٹی بنائی گئی جس کے ممبر حسب ذیل چنے گئے ہیں۔

(۱) جناب عبدالوہاب نشتر صاحب = (صدر)
۲ جناب جمال احمد قادری نسیم ۔ (نائب صدر)
۳ جناب شبیر احمد رضوی صاحب۔ (سیکریٹری)
۴۔ جناب عبدالمتین جوہر صاحب (نائب سیکریٹری)
۵۔ جناب عبدالمغنی حلیمی صاحب (خازن)
۶۔ جناب اکبر حسین خاں صاحب (صدر شعبہ مراسلات)

اس میٹنگ میں ہم لوگوں نے یہ بھی طے کیا۔

۱۔ ہر مہینے کے آخر میں ایک مجلس منعقد کریں گے جس میں برادری کے تمام لوگ اچھے اچھے مضامین، نظمیں اور غزلیں سنائیں گے۔
۲۔ اپنے شہر یا گاؤں کی صفائی کا خاص انتظام کرینگے
۳۔ گاؤں کے بڑے بوڑھے ان پڑھوں کو پڑھائیں گے
۴۔ برادری کے ممبروں کی تعداد بڑھائیں گے

صدر شعبہ مراسلات
اکبر حسین واحدی
ہسوہ (گیا)

بچوں کی کوششیں

عقل مندی

انور انصاری (مبری)

جب کولمبس امریکہ سے لوٹ کر اسپین آیا تو وہاں کے بادشاہ اور شاہزادی نے اس کی بڑی عزت کی اور اسے کئی دعوتیں دیں۔ اس سے دربار کے امیر وزیر کولمبس سے جلنے لگے۔ وہ چاہتے تھے کہ اسے کسی طرح بادشاہ کی نظروں میں گرادیں۔

ایک دفعہ کولمبس چند نوابوں اور امیروں کے ہمراہ ایک دعوت میں شریک تھا۔ وہاں امیروں اور نوابوں نے یہ کہنا شروع کیا کہ کولمبس نے امریکہ معلوم کرلیا تو کیا بڑی بات کی۔ یہ کام تو ہم میں سے ہر شخص کر سکتا تھا۔ جب کولمبس نے یہ سنا تو انہیں شرمندہ کرنے کے لئے ایک ترکیب سوچی۔ اس نے ایک انڈا ان کو دیا اور کہا۔ "کسی طرح اس کو ایک سرے پر کھڑا کر دیجئے۔" سب لوگوں نے باری باری انڈے کو سیدھا میز پر کھڑا کرنے کی کوشش کی۔ مگر یہ بات کسی سے نہ ہو سکی۔ آخر کولمبس نے کہا "لاؤ میں تمہیں ترکیب بتاؤں" کولمبس نے انڈے کے ایک سرے کو آہستہ سے توڑ دیا پھر اس سرے پر انڈے کو میز پر سیدھا کھڑا کر دیا۔ نوابوں اور امیروں نے یہ دیکھ کر کہا "یہ کون سی بڑی بات ہے۔ یہ تو ہم بھی کر سکتے تھے" کولمبس نے جواب دیا۔ "جب کوئی کام ہو جائے تو یہ کہنا بہت آسان ہو جاتا ہے کہ یہ ہم بھی کر سکتے تھے۔ لیکن شروع شروع میں نہ کسی کو اس کے کرنے کی ترکیب سوجھتی ہے اور نہ کرنے کی ہمّت ہوتی ہے"

کسی شخص نے خواب میں شیطان کو دیکھا یہ بڑی سی داڑھی مولویوں کی سی شکل بنائے اسے بڑا تاؤ آیا۔ کم بخت اتنی

بڑی داڑھی رکھ کر تو لوگوں کو دھوکا دیتا
ہے. اور اس کی داڑھی پکڑ کر ایک طمانچہ
ارا۔ دوسرا مارنا چاہتا تھا کہ آنکھ کھل گئی
بے چارا اپنی داڑھی پکڑے ہوئے تھا،
طمانچے کی چوٹ سے گال سرخ ہو گیا تھا

سید رضوان غنی دیوبندی

آج سے کوئی دو یا تین سال پہلے
کی بات ہے۔ ایک چھوٹا سا گاؤں تھا۔ منو
و چھنو دو لڑکے اس میں رہتے تھے بچپن کا
زمانہ تو کھیل کود میں بیتا۔ بڑے ہوئے تو اسکول
میں داخل کئے گئے۔ دونوں کا داخلہ ایک ساتھ ایک
ہی کلاس میں ہوا۔ منو بڑا محنتی اور وقت کا پابند
تھا۔ اپنا قیمتی وقت وہ کتابوں کے مطالعہ میں
صرف کرتا تھا۔ وقت پر اسکول جاتا۔ گھر کا
سبق یاد کر ماسٹروں کو سناتا۔ لیکن چھنو ان
باتوں سے بالکل علیحدہ تھا۔ اور اپنا
سارا وقت کھیل کود میں گنواتا تھا۔
سالانہ امتحان نزدیک آیا منو کی تیاری
پہلے سے ہی اچھی تھی تھوڑی محنت کی امتحان
دیا اور اچھے نمبروں سے کامیاب ہوا
لیکن چھنو وقت کم ملنے کی وجہ سے پوری تیاری
کر ۔۔۔ اور امتحان میں ناکامیاب رہا جس
میں چھنو کو اپنی ناکامیابی کا زبردست صدمہ
ہوا۔ لیکن اب کیا ہوتا ہے۔ پہلے سے تو
اس نے اپنے قیمتی وقت کی قدر نہ کی

امین صاحب کی جب کوئی چیز گم ہو
جاتی تو وہ اپنا کوئی ضروری خرچ روک
لیتے۔ یوں پیسے جمع کر کے وہ چیز پھر لے
آتے۔ ایک دفعہ امین صاحب کی چادر
گم گئی پھر کیا تھا۔ فوراً انھوں نے ارادہ
کیا کہ اب اپنی داڑھی نہیں بناؤں گا
جب تک اس کے دام جمع نہ کر لوں
گا۔ جب وہ اٹھارویں دن داڑھی بنوانے
شہر جا رہے تھے تو ان کو ایک آدمی ملا
جس کی داڑھی بہت لمبی تھی۔ امین صاحب
نے کہا "کیا آپ کا بستر کھو گیا ہے"

محسن حامد خاں

ایک قلعہ میں برج ہزار برج برج میں پہرے دار
کیسا عمدہ گھر ہے بنایا نا مالی نا چونا لگایا۔

نٹ چڑھے بانس بڑھے نٹ اترے گھٹ جائے
اور انوکھی بات سنو نٹ میں بانس سمائے
(۱) بھڑیوں کا چھتا (۲) مکڑی۔　　　تحسین حامد خاں

خط کتابت

آپ رسالے میں ان کتابوں کا اعلان کیا کریں تو اچھا ہے۔ جو آپ کے یہاں چھپتی ہیں تاکہ ہم کتابیں منگا سکیں
اقبال مراد آباد

بہت مناسب تجویز ہے آئندہ اس پر عمل ہوگا۔ ایڈیٹر

آپ کے رسالے میں مضامین چھپنے کی کیا شرائط ہیں۔ مہربانی فرماکر بتا دیجیے۔ مراد آباد

مضمون خود بچوں کے لکھے ہوئے ہوں مختصر ہوں استاد نے اصلاح بھی لے لی گئی ہو۔ - ایڈیٹر۔

آپ کے رسالے میں صفحے بہت کم ہیں چند صفحے اور بڑھا دیجیے اس طرح اشاعت بھی بڑھ جائے گی۔ - محمد احمد مراد آباد

بات تو ٹھیک ہے۔ پر بھئی محمد احمد صاحب ایسا کیوں نہ ہو آپ اس کے خریدار بڑھائیں اور ہم صفحے بڑھائیں۔ ایڈیٹر

سوال کلکتہ اور بمبئی کس وجہ سے دنیا بھر میں مشہور ہیں۔ فرخ آباد

دونوں صنعت اور تجارت کا مرکز ہیں خصوصاً سمندری تجارت کا۔ اور تمہیں یہ بھی معلوم ہے کہ کلکتہ بالکل نیا شہر ہے۔ اب سے ۲۷۰ برس پہلے ایک انگریز سوداگر نے دریائے ہگلی کے بائیں کنارے پر ۱۶۹۰ء میں اس کی بنیاد رکھی تھی پہلے دو تین گاؤں آباد تھے۔ ان میں سے ایک کالی کٹ تھا۔ آبادی برابر بڑھتی رہی اور کالی کٹ سے کلکتہ ہو گیا۔ یہ شہر سمندر سے کل اسی میل ہے۔ ہگلی کے ذریعے جہاز آتے جاتے ہیں۔ ہگلی کی بندرگاہ دنیا میں سب سے مصروف بندرگاہ ہے۔ کلکتے میں بہت سے صنعتی کارخانے ہیں۔ جیوٹ کی ملیں ہیں۔

اور بھئی بمبئی اصل میں جزیرہ ہے۔ پہلے مچھیروں کی آبادی تھی پھر یہ ہندو حکومتوں کے قبضے میں آیا۔ پہلا شہر وہاں آباد ہوا جہاں الفنٹا کے غار ہیں پھر ماہم میں پھر یہ جزیرہ مسلمانوں، پرتگیزوں، آخر میں انگریزوں کے قبضے میں آیا بس تبھی سے اس کی ترقی شروع ہوئی۔ یہ بہترین قدرتی بندرگاہ ہے۔ یورپ اور ایشیا کی تجارت کا مرکز ہے سوتی کپڑوں کی بہت سی ملیں اور دوسرے صنعتی کارخانے ہیں۔ ایڈیٹر

سوال پیام تعلیم کا سب سے پہلا پرچہ کب نکلا تھا۔ ٹیشال جامعہ نگر

جواب۔ تمہارا پیام تعلیم اب سے کوئی چھتیس سال پہلے اپریل ۱۹۲۶ء میں نکلا تھا۔ اس وقت اس کا سائز ڈیوڑھا تھا اور پندرہ روزہ نکلتا تھا۔ اس زمانے میں حکیم اجمل خاں مرحوم امیر جامعہ تھے اور عبدالمجید خواجہ صاحب (موجودہ امیر جامعہ) شیخ الجامعہ تھے۔ ان دونوں کے پیام رسالے میں چھپے تھے۔ افسوس ہے کہ پیام تعلیم کے پرانے فائل ۱۹۴۷ء کی گڑبڑ میں ضائع ہو گئے یہ قیمتی اور تاریخی پرچے تھے۔ - ایڈیٹر

हमारे बालोपयोगी प्रकाशन !

१—धूल-भरे-हीरे (कविता संग्रह)

[लेखक—श्री० अशोक बी० ए० 'विशारद']

जिन्होंने अपने जीवन में अनेक बालोपयोगी पुस्तकों की रचना की है। धूल-भरे हीरे आपका नवीन बालोपयोगी कविता संग्रह है। बिल्कुल अनोखा है। इस संग्रह में बालकों के मनोविज्ञान को ऊपर उठाने वाली कविताएं हैं। रचनाओं से जहां बालकों की मानसिक भूख मिटेगी, वहां दूसरी ओर उनका यथेष्ट मनोरंजन भी होगा। कविताएं भारत के सभी बालोपयोगी पत्रों में प्रकाशित हो चुकी हैं। मूल्य केवल १)। अपनी प्रति के लिए जल्दी लिखें।

२—ईमानदारी

[लेखक—डा० ज़ाकिर हुसेन]

शिक्षाप्रद नाटक। मूल्य छः आना।

३—बिजली की कहानी

[लेखक—अलीअहमद खां]

सरल भाषा में आजकल के सब से महत्वपूर्ण आविष्कार की कहानी। मूल्य छः आना।

४—एवरेस्ट की कहानी

[लेखक—प्रो० आल अहमद सरूर]

संसार के सब से ऊंचे पर्वत की चढ़ाइयों की रोचक और साहस बढ़ाने वाली कहानियाँ।
मूल्य छः आना।


५—साहस के फल

[लेखक—श्री अब्दुल वासे बसरी]

बच्चों का उत्साह बढ़ाने वाली सच्ची मनोरंजक कहानियां। मूल्य छः आना।

मिलने का पता—

मक्तबा जामिआ लि०, जामिआ नगर देहली



भारत के बड़े बड़े नगरों की आबादी

(१६४१ की जनगणना के अनुसार)

अहमदाबाद	५६१,२६७	मुरादाबाद	१४२,४१४
आगरा	२८४,१४६	मैसूर	१५०,५४०
इलाहाबाद	२६०,६३०	लखनऊ	३८७,१७७
कलकत्ता	२,६२३,०००	शोलापुर	२१२,६२०
कानपुर	४८७,३२४	श्री नगर	२०७,७८७
गया	१०५,२२३		
जयपुर	१७५,८१०		
जमशेदपुर	१४८,७११		
जब्बलपुर	१७८,३३६		
झांसी	१०३,२५४		
देहली	१,५१३,१७७		
नागपुर	३०१,६५७		
पटना	१७५,७०६		
पूना	२५८,१६७		
बनारस	६२३,१००		
बड़ौदा	१५३,३०१		
बम्बई	१,४८६,८८३		
मद्रास	७७७,४८१		

(५वें पृष्ठ का शेष)

करोड़ इन्सान, जिनमें मर्द भी थे और औरतें भी, बच्चे भी थे और बूढ़े भी, मुसल्मान भी थे और हिन्दू भी, ब्राह्मण भी थे और हरिजन भी, राजा भी थे और भिखारी भी, सब उसके लिये एक थे। उसके दिल में सब के लिए एक सा प्रेम था—

हरि मूरत बना कहानी सुन रहा था। माता जी को यह देख कर बड़ा आनन्द हुआ कि उस पर इतना असर है जैसे एक एक बात उसके दिल में उतर गई हो। उन्होंने उठ कर खिड़की बंद की जिसमें से बड़ी ठंडी हवा आ रही थी।

मेरा देश

मेरा देश मेरा देश !
चांदी सोने वाला देश,
मोती माणिक वाला देश,
हीरे पन्नों वाला देश,
मेरा देश मेरा देश !

बाग़ बगीचों वाला देश,
हँसते फूलों वाला देश,
तितली भौंरों वाला देश,
मेरा देश मेरा देश !

वही हिमालय वाला देश,
गंगा यमुना वाला देश,
दिल्ली, मथुरा वाला देश,
मेरा देश मेरा देश !

ऋषियों मुनियों वाला देश,
तुलसी नानक वाला देश,
प्यारे बापू वाला देश,
मेरा देश मेरा देश !

—श्री सुधीर

हमारा पड़ौसी—तिब्बत

यदि हम भारतवर्ष के नक्शे को ध्यान से देखें तो हम उत्तर में हिमालय पर्वत से भी ऊपर की ओर तिब्बत का नाम लिखा देखेंगे। तिब्बत मध्य एशिया का एक मुख्य देश है। यह संसार का सबसे ऊँचा देश है। यह उत्तर में सिंक्याँग पूर्व में चीन, पश्चिम में काश्मीर और लद्दाख, और दक्षिण में भारतवर्ष से घिरा है। यहाँ की आबादी लगभग ३०००-००० है। इनमें धार्मिक नेता, साधु, पशु-पालक, किसान आदि सम्मिलित हैं।

ऊँचाई पर स्थित होने के कारण तिब्बत में सरदी अधिक होती है। सरदी में पश्चिम की ओर बर्फ अधिक पड़ती है और गरमी में दक्षिण पूर्व की ओर वर्षा अधिक होती है।

तिब्बत में सोना बहुत अधिक पाया जाता है। पूर्वी तिब्बत में लोहा और पश्चिमी प्रदेश की झीलों में नमक आदि भी पाए जाते हैं। नदियों की घाटियों में अंगूर, सेब आदि फलों के बाग और अनेक प्रकार की लकड़ी के बन भी पाए जाते हैं। इन बनों में अनेक प्रकार के पशु मिलते हैं। दक्षिण पूर्व की घाटियों के खेतों में गेहूँ, जौ आदि की खेती भी की जाती है।

यहाँ के कुछ निवासी पशुओं का पालन करते हैं और कुछ खेती करते हैं। ऊन कातने और बुनने का काम भी इन्हें अत्यन्त प्रिय है। यहाँ के अधिकतर निवासी बौद्ध हैं। बुद्ध धर्म के प्रभाव के कारण ही यहाँ के निवासियों ने सब कलाओं में बहुत उन्नति की है। चित्र पत्थर धातु तथा लकड़ी की मूर्तियें बनाने में तिब्बत वासी किसी देश से भी पीछे नहीं।

तिब्बत पर दालाई लामा राज्य करता है। वह लासा के निकट एक महल में रहता है। नागरिक और धार्मिक बातों में उसकी ही आज्ञा मानी जाती है।

तिब्बत निवासी अत्यन्त प्रसन्न चित्त हैं। घोड़े की सवारी उन्हें अधिक प्रिय है। भोजन में दूध से बनी चीजें, माँस, जौ का आटा, पनीर और चाय का प्रयोग अधिक करते हैं। यहाँ सरदी इतनी अधिक होती है कि बौद्ध धर्म को मानने पर भी इन लोगों को माँस खाना पड़ता है। धार्मिक उत्सवों पर यह लोग नाच गा कर और अनेक प्रकार के नाटक करके अपना मनोरंजन करते हैं। यहाँ के लोग आपस के व्यवहार और शिष्टाचार का बहुत ध्यान रखते हैं। छोटे और बड़े सब से बातचीत करने के लिये इनके कुछ नियम होते हैं जिनका पालन धनी और निर्धन सब को करना पड़ता है।


—श्री नगीन चन्द

गोबर जो विशेष रूप की खाद है बना दी जाती है। यदि गोबर को जलाया न जाय और खाद के काम में लिया जाये तो अन्न की कमी कमी हो ही नहीं सकती।

वृक्ष का जीवन तो प्राणी मात्र की सेवा में अर्पण हुआ है। यह फल, फूल तथा पत्ते देता है जिनसे प्राणी अपना पेट भरते हैं। ठंडक तथा छाया देता है। वायु मण्डल को साफ तथा लाभदायक बनाता है। आक्सीजन गैस पैदा करता है जिस पर मनुष्य जीवित है और विशैली गैसों से अपना पेट भरते हैं। इसकी जड़ें तथा छालें औषधियां बनाने के काम आती हैं। इसकी छालें रंगाई के काम आती हैं और जानवरों की खालों को इसी से साफ किया जाता है। पशु पक्षियों को बसेरा देता है। इसी लिये हमारे शास्त्रों में पेड़ उगाना प्रत्येक व्यक्ति के लिये धर्म रूप समझा गया है और मत्स्य पुराण में यह कह दिया गया है कि एक पेड़ उगा कर मनुष्य देश का उतना उपकार करता है और पुण्य प्राप्त करता है जितना १० नेक पुत्र पैदा करके।

प्रकृति का सौन्दर्य तो उन्हीं पर निर्भर है। इन्हीं के द्वारा वह अपने यौवन से मनुष्य को अपनी ओर आकर्षित करती है। कवियों तथा लेखकों ने तो प्रकृति के वर्णन से संसार को मुग्ध कर दिया है।

—श्री शिवचरण सिंघल



वन महोत्सव


हमारे देश में "वृक्ष लगाओ आंदोलन" हो रहा है। इस आंदोलन के नेता केन्द्रीय सरकार के खाद्य मन्त्री माननीय श्री के. एम. मुंशी हैं। यह देखा गया है कि पिछले कई वर्षों में देश में वृक्षों की संख्या काफी गिर चुकी है और यही गति रही तो वृक्षों की संख्या बहुत कम हो जायगी। इस घटती हुई वृक्षों की संख्या ने भारतवर्ष की दो समस्याओं पर बड़ा प्रभाव डाला है। उनही दोनों समस्याओं का प्रभाव देश पर पड़ा है। यह समस्यायें आर्थिक तथा भोजन की कमी के रूप में हमारे सामने खड़ी हैं।

खाद्य समस्या ने हमारी सरकार का कई वर्ष से नाक में दम कर रखा है। देश में प्रति वर्ष अन्न की कमी पाई जाती है। अन्न इतनी अधिक मात्रा में उत्पन्न नहीं होता कि जिससे देश का काम चल सके। इसका मूल कारण है वर्षा का न होना, अथवा ठीक समय पर न होना। श्री मुंशी जी ने यह बतला ही दिया है कि वृक्षों से वर्षा होती है, वर्षा से अन्न और अन्न के ऊपर जीवन निर्भर है (Tree means water, water means bread, and bread is life.) वृक्षों से वायु मण्डल कुछ ठण्डा रहता है। जिससे बादल ठण्डक पाकर बरसते हैं। यदि वृक्ष न होते तो अक्सर बादल पहाड़ों पर ही बरस कर रह जाते। इसके अतिरिक्त वृक्षों की जड़ें पृथ्वी की उपजाऊ मिट्टीको इतनी कस कर पकड़े रहती हैं कि वह मिट्टी वर्षा के पानी से सिमट कर नदी नालों में नहीं बह सकती। इसको हम अंग्रेजी में Erosion कहते हैं। दूसरे वृक्ष जमीनों में खांचे भी नहीं पड़ने देते। इसके पश्चात् वृक्ष जो नदियों के किनारे उगे होते हैं या पहाड़ों पर जहां से नदियां निकलती हैं, नदियों में बाढ़ों को आने से रोकते हैं और हजारों गांवों और शहरों को डूबने से बचाते हैं।

अब मैं यह बतलाता हूँ कि इनके न होने से आर्थिक स्थिति कैसे बिगड़ रही है। भांति भांति के द्रव्यों की खानों के समान जंगल भी देश के धन को बढ़ाते हैं। वृक्षों की लकड़ी मनुष्य के हजारों कामों में आती है। इसको जला कर मनुष्य अपने पेट को भरने के लिए रोटी पकाता है। लकड़ी की कमी ने यह दशा लादी है कि देश की बहुमूल्य वस्तु पानी

के पास पहुंचता है तो तमाम दुनिया उसके पैरों के नीचे आ जाती है। मगर होता तो यही है कि अगर आप अपने प्रेम, जिसे आप अहिंसा भी कह सकते हैं, को इस तरह प्रकट करें कि उसका गहरा प्रभाव आप नामी दुश्मन पर पड़े तो वह भी आपसे प्रेम करनेको लाचार हो जायगा।

इस बात से एक बात और निकलती है कि इन सिद्धांतों में दिन दहाड़े की जाने वाली हत्याओं के लिये कोई गुंजायश नहीं है। न किसी और तरह की हिंसा का चाहे वह देश के लिये हो या उन गरीबों के मान और आदर की रक्षा के लिए की जाय जिनके आप रक्षक हैं। अहिंसा का सिद्धान्त तो हमें यह सिखाता है कि जो हमारी रक्षा में हैं उनकी इज्जत और आबरू को बचाने के लिए हमें अपने को हत्यारे के हवाले कर देना चाहिए और स्पष्ट है कि इसके लिए घूंसा मारने से कहीं अधिक शरीर और चरित्र की शक्ति की जरूरत होती है। हो सकता है कि आपके शरीर में कुछ ताक़त हो और आप इस ताकत का इस्तेमाल भी कर सकते हों मगर उसकी एक हद होती है। इस के बाद क्या होगा? हिंसा के प्रयोग के बदले में आपकी हिंसा आपके सामना करने वाले के गुस्से को और भी बढ़ा देगी और आपको समाप्त करने के बाद वह अपनी हिंसा का शिकार उनको बनाती है जिनकी रक्षा का भार आप पर है। लेकिन अगर आप बदला न लें बल्कि सामना करने वाले और अपने आधीन रहने वालों के बीच में आ कर अपने ऊपर चोट सह लें तो इसका नतीजा क्या होगा? मैं आपको यकीन दिलाता हूँ कि उसकी सारी हिंसा आप पर ही खर्च हो जायगी और आप जिनकी रक्षा करना चाहते हैं वे साफ़ बच जावेंगे।



अहिंसा का सिद्धान्त

महात्मा गांधी जीवन भर अहिंसा और सत्य का पाठ पढ़ाते रहे। अहिंसा का रहस्य पूज्य बापू के ही शब्दों में यहां दिया जा रहा है। —सम्पादक

अहिंसा शब्द का अर्थ है 'वध न करना' परन्तु मेरे समीप तो इसका अर्थ बहुत बड़ा है। यह अर्थ मुझे उन ऊंचाइयों तक ले जाता है जहां तक, यदि मैं अहिंसा का अर्थ केवल 'हत्या न करना' समझता, तो कभी न पहुँच पाता। असल में अहिंसा का अर्थ तो यह है कि आप से किसी को दुख न पहुँचे, आपके दिल में ऐसे आदमी के लिए भी बुरा विचार न आए जो आपको अपना दुश्मन समझता है। देखिए मैं शब्दों के प्रयोग में कितना चतुर हूँ। मैंने यह नहीं कहा आप जिसे अपना दुश्मन समझते हैं बल्कि जो आपको अपना दुश्मन समता है। जो अहिंसा के सिद्धांत पर चलता है उसके लिए दुश्मन की गुंजाइश ही बाक़ी नहीं रहती। मगर हो सकता है कि कुछ व्यक्ति ऐसे भी हों जो अपने को उसका दुश्मन समझते हों। स्पष्ट ही है कि इसका इलाज उसके पास नहीं। हो तो हमें अपने दिलों में ऐसे लोगों की तरफ से भी कोई बुरा भाव पैदा न होने देना चाहिए। अगर हम बुराई का जवाब बुराई से ही दें तो हम अहिंसा के सिद्धान्त से हट जाते हैं। मैं तो इससे भी कुछ आगे बढ़ना चाहता हूं। अगर हम अपने किसी मित्र अथवा नामी दुश्मनके किसी काम से क्रोधित होते हैं तो वह भी अहिंसा के सिद्धांत से गिर जाने के ही बराबर है। जो लोग आश्रम में आना चाहते हैं उनको अहिंसा का यह अर्थ स्वीकार करना होगा। इसका यह मतलब नहीं कि हम वास्तव में अहिंसा के सिद्धांतों का पालन करते हैं। इसके विपरीत यह तो एक आदर्श है जिस तक हम पहुँचना चाहते हैं। हां अगर हममें इसकी योग्यता होती तो हम अभी इस उद्देश्य को पा लेते। अगर आप इन सिद्धांतों का पालन करना चाहते हैं तो इसके लिए भारी कोशिश करनी होगी। यह होने पर भी मुझे और आप को इस मंजिल तक पहुँचना ही है। मैं इन सिद्धांतों के बारे में इससे अधिक कुछ नहीं कहूंगा कि वह इन्सान जो इन सिद्धांतों की सच्चाई में विश्वास रखता है जब अपनी मंजिल

राष्ट्र वन्दना

कांटों पर से चलने वाले
हम छोटे नादान नहीं हैं
कष्टों में मुसकाने वाले,
हम भोले अनजान नहीं हैं।

हमें न आंधी पानी से डर
हम तो पथ पर बढ़ने वाले,
हम ही थे वे वीर बहादुर
भारत माता के रखवाले।


हम बापू के प्यारे बालक
सुन लो सुन्दर ध्येय हमारा।
हम स्वदेश के वीर सिपाही
सुन लो सुन्दर गेय हमारा

जब तक रग में खून बहेगा,
जब तक तन में प्राण रहेगा।
मेरा झंडा, यही तिरंगा,
नहीं झुकेगा, नहीं झुकेगा।

—श्री 'आदर्श'

चुनने के लिए लोक सभा, राज्य परिषद और सारे राज्यों की विधान सभाएं सब एकत्र होती हैं। उनके सदस्य जनता के प्रतिनिधि होते हैं और जनता की ओर से वे राष्ट्रपति को चुनते हैं। लोक सभा का सदस्य सात लाख लोगों का प्रतिनिधि होता है, इसलिए वह सात लाख मत देता है। विधान सभा का सदस्य कम लोगों का प्रतिनिधि होता है, इसलिए वह उतने ही मत देता है जितने लोगों का वह प्रतिनिधि होता है। इस प्रकार सब सदनों के सदस्य मत देते हैं और हिसाब लगाकर राष्ट्रपति को चुना जाता है।

—श्री मदन मोहन गुप्त



राष्ट्रपति डा० राजेन्द्र प्रस
का जुलूस

संविधान सिरीज़ का चौथा लेख

राज्यों की सरकारें

[पिछले अंक से आगे]

उच्च न्यायालय—

जैसे सारे भारत के लिए एक उच्चतम न्यायालय होता है वैसे ही प्रत्येक राज्य में एक उच्च न्यायालय भी होता है। उसके आधीन हरेक जिले में जिला न्यायालय और छोटे न्यायालय भी होते हैं। छोटे न्यायालयों की अपील जिला न्यायालयों में और फिर उच्च न्यायालयों में की जाती है। अन्तिम अपील उच्चतम न्यायालयों में भी जाती है।

६. राष्ट्रपति और राज्य परिषद के चुनाव

हमने तुम्हें बताया है कि लोक सभा, विधान सभा, विधान परिषद आदि कैसे चुनी जाती हैं। पर हमने तुम्हें यह नहीं बताया था कि राष्ट्रपति को कौन चुनता है और संसद की राज्य परिषद् को कौन चुनता है।

राज्य परिषद के सदस्यों को सीधे जनता नहीं चुनती। उन्हें राज्यों की विधान सभायें चुन कर भेजती हैं। इसलिए वह राज्य परिषद् अर्थात् राज्यों की परिषद कहलाती है। राज्य परिषद के लिए उत्तर प्रदेश की विधान सभा ३१ सदस्य चुनती है, राजस्थान की विधान सभा ६ सदस्य चुनती है। इसी प्रकार बाकी राज्यों की विधान सभाएं भी सदस्य चुनती हैं जो कुल मिला कर २०५ होते हैं।

इन २०५ सदस्यों के अतिरिक्त उसमें १२ सदस्य और होते हैं जिन्हें राष्ट्रपति नाम-निर्देशित करता है। वे सदस्य ऐसे होते हैं जिन्हें साहित्य, विज्ञान, कला और सामाजिक सेवा का विशेष ज्ञान होता है या अनुभव होता है। इस प्रकार राज्य परिषद में १२ योग्य व्यक्ति रख दिए जाते हैं।

अब हम तुम्हें राष्ट्रपति के चुनाव का तरीका बताते हैं। राष्ट्रपति ऐसा व्यक्ति होना चाहिए जिसे सब राज्य चाहते हों और संसद के सदन भी चाहते हों। इसलिए उसे

जान कर उस पर तीर चला दिया। बेचारा घायल हो कर दर्द से तड़फने लगा। उस वक्त भी उसे अपने बूढ़े माता पिता का ख्याल सता रहा था। मरने से पहले उसने दशरथ ही के हाथ उन्हें पानी भिजवाया और कहा जब पानी पिला चुको तब मेरे मरने की खबर सुनाना। दशरथ ने वैसा ही किया। जब वह पानी पी चुके तब दशरथ ने श्रवण कुमार के मरने की खबर दी। बेचारे बूढ़े और कमजोर तो थे ही, इतने रोए और इतना रंज किया कि वहीं ठंडे हो गए। दशरथ ने श्रवण कुमार की चिता के साथ ही उसके मां बाप की चितायें भी तैयार की और तीनों को आग के सुपुर्द कर दिया।

हरि—अम्मा, फिर दशरथ को क्या हुआ?

मां—हां बेटा, दशरथ भी अपने बेटे के शोक में मरा।

हरि—अच्छा अम्मा, बाबा ने यह कहानी सुन कर क्या किया?



मां—बालक मोहन ने यह कहानियां सुन कर हरिश्चन्द्र की तरह सदा सच बोलने और श्रवण कुमार की तरह सदा दुखियों की सेवा करने की ठान ली। हरिश्चन्द्र और श्रवण कुमार अब हमेशा उसकी आंखों के सामने रहने लगे। श्रवण कुमार ने तो मां बाप ही की सेवा की पर मोहन दास ने बड़े हो कर करोड़ों इन्सानों की सेवा में अपना तन, मन, धन सब कुछ तज दिया। चालीस

शेष पृष्ठ १५ पर

भिखारी डोम के सामने हाथ फैलाये। इस बात को सुनते ही राजा हरिश्चन्द्र साधु के साथ डोम के घर गया और उसने अपने आप को डोम के पास गिरवी रख कर साधु का सवाल पूरा किया। साधु ने तो अपने घर की राह ली और डोम ने राजा को मरघट पर नौकरी बजाने भेज दिया। वहां वह चिता के लिये आग देता था और जो लोग मुर्दे लेकर जलाने आते थे उनसे टैक्स लिया करता था।

कुछ दिन बाद हरिश्चन्द्र का इकलौता बेटा रोहिताश्व मर गया। उसे जलाने के लिये रानी मरघट पहुँच कर चिता तैयार कर रही थी कि डोम के नौकर राजा ने बढ़ कर टैक्स मांगा।

रानी ने आंखों में आंसू भर कर कहा, "स्वामी, मेरे पास तो तन की इस धोती के सिवाय और कुछ भी नहीं।" राजा का दिल हिल गया पर उसके पांव नहीं डगमगाये। वह हिम्मत से काम लेकर बोला, "रानी, मैं मजबूर हूँ। मेरे स्वामी का हुक्म है कि चिता के लिए आग देनेसे पहिले टैक्स वसूल करो। यह धर्म निभाना मेरे लिए जरूरी है।" जैसे ही रानी ने धोती के आंचल पर हाथ डाला वैसे ही राजा और रानी की सच्चाई, उनका व्रत, और हिम्मत देख कर देवता काँप उठे। वे फौरन उड़नखटोले पर बैठ कर आपहुंचे। उन्होंने राजा के बेटे में फिर से जान डाल दी और राजा रानी और बेटे को डोम सहित वह वैकुण्ठ ले गये।

बेटा हरि, यह कहानी मोहन दास के दिल में घर कर गई। उसका जी चाहता था कि परमात्मा उसे हिम्मत दे कि वह भी सच्चाई की कसौटी पर हरिश्चन्द्र की तरह पूरा उतरे। बड़े होकर मोहनदास ने सचमुच सच्चाई के लिये अपनी जान की बाजी लगा दी और कसौटी पर ऐसा उतरा कि दुनिया दंग रह गई।

कहानी सुनाते सुनाते हरि की माता की आवाज भर्रा गई, थोड़ी देर बाद रुक कर फिर उन्होंने यों कहना शुरू किया।

श्रवण कुमार की कहानी

"दूसरों की सेवा करो"

दूसरी कहानी श्रवण कुमार की थी जिसे पढ़ कर मोहनदास ने लोगों की सेवा करना सीखा। श्रवण कुमार के मा बाप दोनों बूढ़े व अंधे थे। वह उन्हें हर जगह बहंगी में उठाये उठाये फिरता। मेहनत मजदूरी करके वह उनका पेट पालता और हर तरह सेवा करता। किस्मत का लिखा, दशरथ महाराज एक दिन जंगल में शिकार खेलने निकले। श्रवण नदी के किनारे अपने मां बाप के लिये पानी भर रहा था। दशरथ ने दूर से श्रवण को हरिण

गांधी बाबा

